दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 06:27 ए एम
सूर्यास्तः 05:43 पी एम
तिथिः चतुर्दशी - 05:27 पी एम तक
नक्षत्रः हस्त - 02:42 पी एम तक
योगः वैधृति - 02:33 पी एम तक
करणः शकुनि - 05:27 पी एम तक
द्वितीय करणः चतुष्पाद - 04:56 ए एम
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः सोमवार

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 02 • अंक 189 • पृष्ठ 8 • दुमका, सोमवार 24 अक्तूबर 2022 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली- हावड़ा रूट पर मालगाड़ी पटरी से उतरी, 12 ट्रेनें डायवर्ट की गईं

फतेहपुर/एजेंसी। कानपुर स्टेशन से खाली वैगन लेकर जा रही डीएन जीएन 135 मालगाड़ी रविवार सुबह फतेहपुर के पास रमवां स्टेशन पर डिरेल हो गई। ट्रेन के आठ वैगन एक दूसरे पर चढ़ते हुए ओएचई और अप ट्रैक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस कारण ट्रैक पर ट्रेन सेवा प्रभावित हो गई है। दिल्ली हावड़ा रूट पर ट्रेन सेवा प्रभावित हुई है। मालगाड़ी के डिरेल होने के कारण वंदे भारत समेत 20 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है। ट्रैक को साफ करने और ओएचई को दुरुस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मालगाड़ी हादसे की भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। ट्रेन के आठ वैगन एक- दूसरे पर चढ़ गए। इसने ओएचई और अप ट्रैक को क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों ट्रैक बाधित होने से वंदे भारत एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनों में यात्री फंस गए। रेलवे इंजीनियरों ने शाम तक रूट पर ट्रैफिक बहाल होने की संभावना जताई है। इस ट्रेन एक्सिडेंट ने दिवाली के मौके पर घर जा रहे लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। वंदे भारत समेत करीब ट्रेनों को डायवर्टेड रूट से चलाए जाने की बात कही गई है। इससे लोगों का घर

शुभकामना

दिपावली के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं एवं बंधुओं को झारखण्ड देखो परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं।

सूचना

दिपावली के शुभ अवसर पर झारखण्ड देखो कार्यालय एवं प्रेस 24 अक्टूबर को बंद रहेंगे। अतः पाठकों को अगला अंक बुधवार 26 अक्टूबर को मिलेगा।

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स
59,307.15+104.25 (0.18%)
निफ्टी
17,576.30+12.35 (0.070%)

15 लाख दीपों से जगमगाई प्रभु श्रीराम की अयोध्या

गिनीज में दर्ज हुआ नाम

अयोध्या/एजेंसी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने एक बार फिर इस प्राचीन नगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया है. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस 'भव्य दीपोत्सव' को देखा-परखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलन को नवीन विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया. कीर्तिमान रचने में अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के शिक्षकों व छात्रों की बड़ी भूमिका रही.

दीप प्रज्वलन का नियत समय शुरू होते ही 'श्री राम जय राम जय जय राम' के जाप के साथ एक-एक कर 15.76 लाख दीप

जलाए गए. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी. मंच संचालक ने जैसे ही यह जानकारी दी, समूची अयोध्या एक बार फिर 'जय सिया राम' का गगनभेदी नारों से गूंज उठी. इससे पहले विगत वर्ष भी इसी स्थान पर दीप प्रज्वजन का कीर्तिमान रचा गया था।

लगातार ताकत बढ़ा रहा है 'सितरांग'

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल में सितरंग का असर धीरे-धीरे देखने को मिल रहा है। सितरंग तूफान के मद्देनजर मौसम विभाग ने 24-25 अक्टूबर तक बंगाल की उत्तरी खाड़ी में गतिविधियों को स्थगित करने के साथ-साथ उत्तर और दक्षिण 24 परगना और पश्चिम के पूर्वी मिदनापुर जिलों में तूफान के संभावित प्रभाव की चेतावनी जारी की। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि 24 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान 'सितरंग' के उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और एक गंभीर चक्रवाती तूफान में और तेज होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि इसके बाद उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ना जारी रहेगा, इसके 25 अक्टूबर की सुबह के आसपास तिनकोना द्वीप और बारिसल के पास बांग्लादेश तट को पार करने की संभावना है।

रविवार को कोलकाता सहित कई जिलों में आसमान में बादल छाए रहे। पूर्व मेदिनीपुर में कई जगह हल्की बारिश भी हुई। सितरंग धीरे-धीरे चक्रवात का रूप धारण कर रहा है। यह बंगाल के तटीय इलाकों, खासकर सुंदरवन, में भारी तबाही बरपा सकता है। इसके साथ ही पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों में इसका असर देखने को मिल सकता है। इसके खतरे को देखते हुए पहले ही बंगाल हाई अलर्ट पर है। प्रदेश के सात जिलों में राहत और बचाव दलों को तैनात किया गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, निम्न दबाव बंगाल की खाड़ी के मध्य में चक्रवात का रूप धारण करेगा और उसके बाद उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा की तरफ बढ़ेगा। 25 अक्तूबर की सुबह तीनकोना द्वीप और सन द्वीप के बीच से होते हुए बांग्लादेश का रूख करेगा। बंगाल के तटवर्ती जिलों में यह कहर बरपा सकता है। वहां भारी बारिश और 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कोलकाता और आसपास के जिलों में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। राज्य के तटवर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

टी 20 वर्ल्ड कप

भारत ने पाकिस्तान को 4 विकेट से रौंदा

नयी दिल्ली/एजेंसी।

भारत ने सुपर 12 के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप का बदला ले लिया है. विराट कोहली ने नाबाद 82 रनों की पारी खेली और अंत तक क्रीज पर जमे रहे. हार्दिक पांड्या ने भी मुश्किल समय में टीम के लिए महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया. विराट ने अपनी पारी में छह चौके और चार शानदार छक्के लगाये. आखिरी गेंद पर भारत ने जीत दर्ज की। इससे पहले अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने पाकिस्तान को आठ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया. अर्शदीप ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन

विकेट लिये. उन्होंने पहले दो ओवर में ही पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (0) और मोहम्मद रिजवान (चार) को आउट करके भारत को शानदार शुरूआत दिलायी. इसके बाद एशिया कप में जबर्दस्त प्रदर्शन करने वाले पंड्या ने 30 रन देकर तीन विकेट लिये।

पाकिस्तान के लिये इफ्तिखार अहमद ने 51 रन बनाये और भारतीय गेंदबाजों के सामने बिल्कुल सहज दिखे. स्पिनर आर अश्विन और अक्षर पटेल जूझते नजर आये लिहाजा छठे गेंदबाज पंड्या ने चार ओवर डाले. शान मसूद ने 42 गेंद में 52 रन बनाये लेकिन वह सहज नहीं दिखे. इससे 364 दिन पहले बाबर और रिजवान ने भारतीय गेंदबाजी को धता बताते हुए टी20 मैच में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दिलाई थी।

कृषि मंत्री के पहल पर मृतक मंगल हांसदा के परिजनों दिया गया पचास हजार का चेक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमकाःजरमुंडी प्रखंड के राजासिमरिया पंचायत अन्तर्गत ककनिया गांव के 44 वर्षीय मंगल हांसदा का दुर्घटना में असामयिक निधन उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला अंतर्गत जगदीशपुर थाना क्षेत्र में ट्रेन से गिरकर हो गया था।

मृतक मंगल हंसदा का आधार कार्ड देखकर उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर थाना के पदाधिकारी ने पहचान किया उसके बाद जरमुंडी थाना को सूचना दी।जरमुंडी थाना ने मंगल हांसदा के परिजनों को इस बाबत सूचना दी।परिजनों ने इस अपार दुःख की घड़ी में झारखंड

सरकार के कृषि मंत्री सह स्थानीय विधायक बादल पत्रलेख के सहयोगी सौरभ यादव को घटना की जानकारी दी।सौरभ यादव ने गरीबों के मसीहा मंत्री बादल पत्र लेख को घटना की जानकारी दी।जिस पर मंत्री बादल पत्रलेख ने त्वरित संज्ञान लेते हुए तुरंत परिजनों से फोन कर विस्तार से जानकारी ली। साथ ही दुमका उपायुक्त को गरीब परिवार को सहयोग करने का निर्देश दिया।उपायुक्त के निर्देश पर तत्काल पचास हजार रुपए का चेक जरमुंडी प्रखंड कार्यालय में पंचायत की मुखिया मकुली बास्की व सौरभ यादव की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को सौंपा गया।साथ ही मृतक के पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश से मंगाने का भरोसा दिया गया।

हिट एंड रन मामले में चार मृतकों के आश्रितों को मिलेगा 25-25 हजार मुआवजा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। दुमका जिला में हिट एंड रन के चार मामलों में मृतकों के आश्रितों को 25-25 हजार रुपए के दर से एक कुल एक लाख रुपए मुआवजा की स्वीकृति जिला स्तरीय समिति ने दी है। अनुमंडल पदाधिकारी सह दावा जांच पदाधिकारी की अनुशंसा पर हिट एंड रन मामलों के जिला स्तरीय समिति ने मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी। जिले के उपायुक्त सह अध्यक्ष दावा निस्तारण आयुक्त(हिट एंड रन मामले),जिला सड़क सुरक्षा समिति की ओर से मंडल प्रबंधन न्यू इंडिया बीमा कंपनी को भेजे गए पत्र में हिट एंड रन मामलों के जिला स्तरीय समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए निर्देश दिया गया कि आश्रितों की उचित पहचान कर 15 दिनों के अंदर उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी सह सदस्य हिट एंड रन मामले,जिला सड़क सुरक्षा समिति फिलिबियुस बारला ने दी। डीटीओ फिलिबियुस बारलाने बताया कि सड़क दुर्घटना के हिट एंड रन(गाड़ी द्वारा धक्का मार कर भाग जाने की स्थिति) में मृत्यु होने पर पीड़ित पक्ष को मुआवजा मृत्यु की स्थिति में 25 हजार रुपए और घायल होने की स्थिति में 12 हजार 5 सौ रुपए निर्धारित है।

मानसिक रूप से विक्षिप्त आसनबनी गांव की महिला विगत 16 अक्टूबर से लापता

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रानीश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसनबनी गांव की रहने वाली महिला आलमनी केवट बीते रविवार 16 अक्टूबर से लापता हैं।परिजनों ने महिला की काफी खोजबीन की, परन्तु महिला का कुछ अता पता नहीं चल सका।सात दिनों बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिलने पर 23 अक्टूबर रविवार को स्थानीय थाना में परिजनों ने सनहा दर्ज कराया हैं ।महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बतायी जा रही हैं ।

संक्षिप्त समाचार

दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़ंत में एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के जामू गडियां गांव के पास रविवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों अलग-अलग बाइक से जा रहे थे,इसी बीच दोनों में आपस में भिड़ंत हो गई। घायल बाइक चालक दरवेश सोरेन उम्र 40 ग्राम- पोखरिया का रहने वाला है जो चौकीदार भी है। दूसरा व्यक्ति शाहेब हसदा,उम्र लगभग- 45 ग्राम- सराय पानी का रहने वाला बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार चालक की स्थिति अत्यंत नाजुक थी। घटना की सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल व्यक्ति को शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया गया।

अज्ञात चोरों ने शिक्षक सहित आधा दर्जन लोगों के कीमती मोबाइल उड़ाएं

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। धनतेरस के मौके पर रामगढ़ में मोबाइल चोरों की चांदी रही। रामगढ़ के साप्ताहिक हाट से करीब आधा दर्जन लोगों के मोबाइल फोन चोरों ने उड़ा लिए। रामगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक प्रज्ञानंद तिवारी सिंदुरिया गांव के घनश्याम साह सहित अन्य लोगों ने भी रामगढ़ थाना में मोबाइल चोरी हो जाने की लिखित सूचना दर्ज कराई है। बता दें कि गुरुवार को रामगढ़ में साप्ताहिक हाट लगी थी धनतेरस तथा दीपावली होने के कारण हाट में जमकर भीड़ थी चोरों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए करीब आधा दर्जन लोगों के कीमती मोबाइल उड़ा लिए ।बता दें कि रामगढ़ हाट में मोबाइल चोरी होना कोई नई बात नहीं है। लगातार हो रहे मोबाइल की चोरी पर विगत कुछ दिनों से विराम लगा हुआ था मगर चोरों ने आज फिर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए आधा दर्जन लोगों के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। मालूम हो कि धनतेरस तथा दीपावली का बाजार होने के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा बाजार में कोई गस्ती नहीं किए जाने के कारण चोरों ने जमकर उत्पात मचाया।

58 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव मिलने से क्षेत्र में भय व दहशत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका । जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चरकापाथर पंचायत के एक मोहल्ले में एक 58 वर्षीय महिला का शव घर के पीछे स्थित झाड़ी मे मिलने से इलाके में भय व दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार घटना जमीन विवाद को लेकर हुई हैं।मृतका के पुत्र दिनेश महरा ने बताया की जमीन को लेकर दोनो पक्षों में केस चल रहा था, जिसमें न्यायालय से हमारे पक्ष मे फैसला दिया गया, उसी जमीन पर घर बनाने का कार्य चल रहा था,फैसले से गुस्साए दूसरे पक्ष के लोग उक्त जमीन पर कार्य न करने और करने पर जान गंवाने की धमकी दे रहे थे, जिसकी लिखित जानकारी

सरैयाहाट थाना को दी गयी थी, जिसपर थाने की ओर से विवाद न बढ़े उसके लिए भादवि की धारा 107 लागू कर दी गयी। शनिवार को कौशल्या देवी ने पुत्र से कहा कि मै गाँव से कुछ पैसे उधार ले कर आती हुँ, ज़ब कौशल्या देवी शाम तक घर नहीं लोटी तो उसकी खोज बिन शुरू की गयी, और पुत्र दिनेश महरा ने गुमशुदगी की मौखिक जानकारी सरैया हाट थाने को दी ।थक हार कर गाँव मे सभी घरों मे जा कर माँ को ढूढने मे मदद की बिनती की, तब देर संध्या 15 से 20 युवक गाँव के आस पास के जंगल झाड़ी में ढूंढने लगे, का×फी खोज बिन के बाद घर से करीब 100 मीटर की दुरी पर झाड़ी मे एक महिला का शव मिला जिसका दोनों हाथ बँधा हुआ और चेहरे पर का×फी चोट के निशान मिले, जसकी पहचान कौशल्या देवी रूप मे की गई।शव मिलने की जानकारी सरैया हाट थाने को दी गयी, सुचना पाते ही सरैयाहाट पुलिस ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर थाना लाया, और कागजी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानों अस्पताल दुमका भेजा है।

कायस्थ महासभा सादगी से करेगा चित्रगुप्त पूजा,नहीं होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दुमका की बैठक जिलाध्यक्ष दयानंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। 27 अक्टूबर को मनाए जाने चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। चित्रगुप्त पूजा 9 बजे से प्रारंभ होगी एवं संध्या आरती शाम 5.30 बजे की जाएगी। वरीय अधिवक्ता अखिलेश्वर प्रसाद अखिल के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चित्रगुप्त पूजा सादगी मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। बैठक में उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुये विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में दयानंद श्रीवास्तव, निशिकांत बरियार, सुजय कुमार सिन्हा, वीणा श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश अखौरी, मनोज कुमार घोष, अखिलेश कुमार सिन्हा, गोपेन्द्र कुमार अम्बष्ट, रमण कुमार वर्मा, आलोक कुमार, वन्दना सिन्हा, राजीव नंदन प्रसाद, गजेन्द्र कुमार, प्रतिमा अम्बष्ट, शैलेन्द्र नारायण प्रसाद एवं विनय कुमार सहित कई चित्रांश उपस्थित थे।

मैं जानना चाहता हूँ ₹बिषय पर बच्चों के साथ संवाद कर प्रश्नोत्तर का आयोजन

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा अन्तर्गत पाथरा स्थित आश्रम के आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम ₹मैं जानना चाहता हूँ ₹बिषय पर बच्चों के साथ संवाद कर प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्युत,जीव विज्ञान एवं बेंकिंग बिषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।अतिथि के तौर पर रत्नेश्वर गाँगुली,पूर्व वैज्ञानिक,भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डॉ अशोक भट्टाचार्य,भजन गाँगुली,मुख्य सलाहकार सी ई एस सी लिमिटेड के देवशीष दत्ता, मुख्य प्रबंधक,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,कोलकाता मुख्यालय आदि उपस्थित थेकार्यक्रम के प्रारम्भ में आश्रम के सचिव स्वामी नित्यव्रतानंद ने स्वागत भाषण दिया, प्रधानाध्यापक अभिनन्दन मुर्मू ने बच्चों को आयोजित कार्यक्रम ₹मैं जानना चाहता हूँ₹ के रुपरेखा से अवगत कराया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयदेव दे,चैतन कारोवा,बोध बोदरा,प्रशांत मुर्मू,सेमल मुर्मू, देवाशीष राय,पानमोनी माझी, निर्मला मुर्मू,संगीता हांसदा,चंदन बेसरा,सुरेश मुर्मू विद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



संक्षिप्त समाचार

डीसी ने जिलेवासियों को दी दीपावली पर्व पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । उपायुक्त वरुण रंजन ने जिलेवासियों को दीपावली पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ साथ अपील किया है कि दीपावली के इस पावन पर्व को प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने नागरिकों, खासकर बच्चों से अपील की है कि वे पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। खासकर अस्पताल, बीमार लोगों के आसपास पटाखों का शोर-शराबा करने से परहेज करें। उन्होंने अपील किया है कि प्रकाश पर्व को दीप जलाकर ईको फ्रेंडली तरीके से मनाएं। लोगों के बीच जाकर उनमें त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें।

पूजा अर्चना करते बच्चियां

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । अमड़ापाड़ा प्रखंड के दुकानदार सहित लोगों ने धनतेरस को लेकर लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना की। प्रखंड क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने अपने-अपने दुकानों में पूजा अर्चना की। मिली जानकारी के अनुसार धनतेरस को लेकर लोगों ने अपने-अपने दुकानों में मां लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना कर धन की प्राप्ति को लेकर धनतेरस की पूजा अर्चना किया। धनतेरस पर पूजा का जितना महत्व होता है उतना ही इस दिन खरीदारी का भी महत्व होता है। इस त्योहार में लोग शुभ मुहूर्त में सोना, चांदी, बर्तन, झाड़ू और अन्य जरूरी चीजें खरीदते हैं। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस पर खरीदारी करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। यहां आप जानेंगे धनतेरस पूजा की सरल और पूरी विधि।

रांची डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ

गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । जिला मुख्यालय के शिवपुर मोहल्ला में राजकचहरी तालाब के पास आईडीबीआई बैंक के पीछे रांची डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ धनतेरस के मौके पर रविवार को हुआ। रांची डायग्नोस्टिक्स सेंटर का उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ताराशंकर झा ने फीता काटकर किया।

मौके पर रांची डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक विकास चौधरी, ऋषितोष झा काबुल, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सुरजीत झा, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ पराशर उर्फ बच्चू झा, अमित सिंह, मंटू झा, आदर्श आनंद, भाजपा नेता एन होदा, प्रदीप झा, बॉबी चौधरी, दयानंद झा, सुरेंद्र मिश्रा, पिंकू चौधरी, राकेश मिश्रा, मनोज झा, सुभाष चौधरी, काजल कुमारी, बुलबुल मिश्रा, अनामिका कुमारी, अनुराधा देवी, उदीप झा, गौरी झा आदि उपस्थित थे।रांची डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक विकास चौधरी ने बताया कि यहां आधुनिक तकनीक से जांच सुविधा उपलब्ध है। यह डायग्नोस्टिक सेंटर नई दिल्ली के डॉक्टर लाल पैथलैब्स कलेक्शन सेंटर से जुड़ा हुआ है।

हॉकी झारखण्ड का उपाध्यक्ष बनने पर एसडीओ गोड्डा का हुआ अभिनंदन

गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । हॉकी झारखण्ड का उपाध्यक्ष चुने जाने पर अनुमण्डल पदाधिकारी गोड्डा ऋतुराज का शनिवार शाम उनके आवासीय कार्यालय में हॉकी गोड्डा के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से अभिनंदन करते हुए इसके लिए हॉकी झारखण्ड के अध्यक्ष सह हॉकी इण्डिया के महासचिव भोला नाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिनंदन करने वालों में हॉकी गोड्डा के सचिव सुरजीत झा, उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा व आशुतोष झा एवं कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह शामिल थे।

तीन मवेशी तस्कर सहित नौ मवेशी को किया जप्त

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । लिट्टीपाड़ा के सिमलोंग ओपी प्रभारी सत्यदेव प्रसाद ने गौ तस्करी पर करवाई करते हुए तीन तस्कर सहित नो मवेसी को जप्त किया है. पुलिस के करवाई से तस्करों में दहसत फैल गई है. ओपी प्रभारी ने बताया गुप्त सूचना मिला था कि कुछ मवेसी तस्कर गोड्डा के बांका हाट से मवेसी को वाहनों में लाद कर सिमलोंग घरमपुर के रास्ते अपने गंतभ्य स्थान तक पहुचाने की फिराक में है. सूचना मिलते ही करवाई करते हुए धनघरा के समीप एक बिना नंबर का 709 मिनी ट्रक को जांच के लिए रोका गया. वाहन का जांच करने पर ट्रक में नो मवेसी पाया गया जो अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था. ट्रक में लदा मवेसी सहित तीन व्यक्ति हिरणपुर थाना क्षेत्र के सोनू अंसारी लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के अब्दुल अंसारी एवं मंगल टुडू को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने बताया मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 70/22 के तहत मामला दर्ज कर तीन व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

● रोजाना सैकड़ो की संख्या में होती है गाय की तस्करी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मवेसी तस्कर घरमपुर के रास्ते से रोजाना सेकड़ो की संख्या में मवेसी को पैदल ही लाया जाता. दिन हो या रात किसी भी समय ये लोग झुंड बना कर मजदूरों के सहयोग से गोड्डा से पैदल ही मवेसी को लाते है. बताया जा रहा है मवेसी तस्कर को संरक्षक लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के दो चौकीदार दे रहे है. जो धरमपुर से हिरणपुर तक तस्करों के मवेशी पहुचाने का ठिका लेता है. इस कार्य के लिए तस्करों से चौकीदार द्वारा प्रति दिन मोटी रकम वसूला जाता है. सूत्रों की माने तो एक चौकीदार ने कोरोना काल मे गो तस्करी में करोड़ो सम्पति अर्जित किया है. फिलहाल पुलिस सिर्फ वाहनों में ले जाने वाले मवेसी तस्करों पर ही करवाई कर रहे है. पैदल वालो को तो चौकीदार ही रखवाला है.

दीपावली के पूर्व संध्या पर गोड्डा नेटबॉल संघ ने कराया रंगोली प्रतियोगिता

● प्रतियोगिता में नेटबॉल खिलाड़ियों ने बनाये आकर्षक रंगोली

गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । दीपावली पर्व जहाँ घरों को रंग रोगन व सुसज्जित करने का पर्व होता है, इस अवसर पर लोग घरों पर रंगोली भी बनाते है, वही इस रंगोली के प्रति हर बच्चे भी जागरूक हों इसको लेकर गोड्डा जिला नेटबॉल संघ द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नेटबॉल संघ द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। श्वेता एवं बीणा को अयोध्या का रंगोली बनाने पर प्रथम पुरस्कार दिया गया। उन्हें सम्मानित किया गया। पथरगामा कस्तूरबा की वार्डन स्नेह लता कुमारी एवं गोड्डा कस्तूरबा की वार्डन संगीता कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया। द्वितीय पुरस्कार भोटडा से आई हुई निर्मला टूडू, बैजनाथ देरी व कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद महतो के द्वारा सम्मानित किया गया। तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से श्रेयसी एवं अनीसा को देते हुए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय खिलाड़ी मोनालिसा का अहम योगदान रहा। उपस्थिति में गोड्डा जिला नेटबॉल संघ के सदस्य एवं गोड्डा जिला नेटवर्क संघ के सचिव गुंजन कुमार झा उपस्थित थे

बड़ी काली मंदिर की पूजा की तैयारी हुई संपन्न

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गोड्डा। मुख्य बाजार स्थित बड़ी काली मंदिर मे माता की पुजा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी काफी धूमधाम से की जाएगी। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अरुण टेकरीवाल, सचिव दिलीप साह,और संयोजक सह कोषाध्यक्ष प्रमोद गाडिया पूजा की तैयारी मे जुटे हुए हैं।

मंदिर कमिटी के मिडिया प्रभारी प्रितम गाडिया ने बताया की बड़ी काली मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिरों मे सुमार है और बड़ी काली मंदिर की पूजा अर्चना बंगाली पद्धति से की जाती है। इस वर्ष भी मंदिर कमिटी ने मंदिर और संपूर्ण बाजार की साज सज्जा और मंदिर व्यवस्था मे कोई कसर नहीं छोड़ी है।

● संपूर्ण बाजार कृत्रिम लाइट से हुआ जगमग

बड़ीकाली मंदिर की पूजा मे बंगाल से आये पंडित राजेंद्र प्रसाद राय ने बताया की इस वर्ष 25 को 2 बजकर 29 मिनट से संध्या 6 बजकर 32 मिनट तक सुर्य ग्रहण का समय है और बंगाल पंचांग के अनुसार सुतक 3 घंटे पूर्व प्रारंभ होता है। माता की निशा पुजा 24 को रात्रि मे 12 बजे होगी। 25 को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक मे माता की पूजा का कार्य कर लिया जायेगा। 9:30 के बाद मंदिर का पर्दा ढक दिया जायेगा। उसके बाद ग्रहण काल के बाद माता के दर्शन हेतु कपाट खोले जायेंगे।पूजा की व्यवस्था दीपक बजाज कर रहे है और नंदलाल साह पुजा मे बैठ रहे है। मंदिर कमिटी के राजेंद्र टेकरीवाल, महेश बजाज दिलिप टेकरीवाल, संजीव साह,अमित साह, देवाशीष बजाज, राजेश बजाज,मनोज सोनी,राजेश सोनी, सुमित टेकरीवाल,पंपू जयसवाल, बाबला जयसवाल, सहित सैकड़ों सदस्य तैयारी मे जुटे है।

मानसिक तनाव में शिक्षक मोहम्मद कलीमुद्दीन की हुई मौत

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

हनवारा। गोड्डा जिले के महागामा प्रखंड अंतर्गत घुट्ठी गांव के एक शिक्षक मोहम्मद कलीमुद्दीन की मृत्यु रविवार देर रात हो गया। हालांकि परिवार वाले ने मौत का कारण मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी की बात कही है। साथ ही शिक्षा विभाग को दोषी ठहराया है। मृतक शिक्षक के परिवार वाले ने बताया कि वह शिक्षक के पद पर प्राथमिक विद्यालय जटामा में पदस्थापित था।लेकिन शिक्षा विभाग ने गलत तरीके से 2019 में उसे बर्खास्त कर दिया था।

लेकिन शिक्षा विभाग के डायरेक्टर दुमका ने उसे यथावत रखा और उसको स्कूल में ज्वाइन करने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। शिक्षक को विभाग ने स्कूल में पदस्थापित न करके उन्हें जिले के शिक्षा विभाग ऑफिस में ज्वाइन करके रखा था।मृतक शिक्षक को स्कूल में पदस्थापित नहीं करने के कारण हमेशा तनाव की स्थिति में रहता था साथ ही उसके बीच आर्थिक स्थिति उत्पन्न भी हो गई थी। शनिवार को गोड्डा से आने के बाद उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल ले गए स्थिति गम्भीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। परिवार वाले ने बताया कि डॉक्टर ने ब्रेन हेमरेज होने की बात कही थी।जिसे सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा था लेकिन उनकी मौत रास्ते में ही हो गई। शिक्षक के मौत के बाद मानो तो परिवार वाले पर पहाड़ टूट पड़ा है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक शिक्षक ही घर में कमाऊ व्यक्ति था। अब उसका पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं इसको लेकर चिंता सताने लगी हैं।

कही जाय तो आज के दौर में मानसिक तनाव जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। डिप्रेशन का लोग शिकार हो रहे हैं और उसी से घरेलू कलह और अवसाद जैसी बीमारी पैदा हो रही हैं जोकि जिंदगी जीने की इच्छा ही समाप्त कर देती। डिप्रेशन से तंग आकर लोगों का जान जा रही या तो वह अपना जीवन समाप्त कर रहे हैं। देखा जाए तो लोगों में जिंदगी जीने का इच्छा ही कम हो रही है। जिंदगी और मौत तो ऊपर वाले के हाथ में है, हम सब तो रंग मंच की कठपुतलियां है। ये डॉयलाग आनंद फिल्म का है। जिसमें ऊपर वाले के हाथ में जीवन की डोर है यह बताया गया है लेकिन इसके बावजूद भी लोग जिंदगी से हार कर अपना अमूल्य जीवन समाप्त कर रहे हैं। लोगों में जीने की नहीं मरने की चाह बढ़ती जा रही है।

दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2022 का हुआ शुभारंभ

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पोड़ैयाहाट। दीपावली के शुभ अवसर पर पोड़ैयाहाट विधानसभा के बरगच्छा हरियारी में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ एवं उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले आदिवासी नेता सह हरियारी पंचायत के पूर्व मुखिया सुशील टुडू के सौजन्य से प्रारंभ किया गयाा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवियों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट हरियारी में सिद्धू कान्हु शहीद स्मारक के करीब में होता हैं। इस कार्यक्रम में सभी समाजसेवियों ने अपने अपने संबोधन के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। यहां 25 तारीख को लाड़ेडे ऐने आदीवासी संस्कृति के नृत्य का कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी, जिला परिषद गोड्डा की चेयरमैन बेबी देवी और भाजपा जिला अध्यक्ष, महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष और समस्त जिला इकाई के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। आज के टूर्नामेंट उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, जिला परिषद् सदस्य राघवेंद्र सिंह, समाजसेवी सह समरसता के प्रांतीय टोली की सदस्य ममता देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह रघुनाथपुर के मुखिया सिमोन मरांडी, बजल स्पोटिंग क्लब के काठीबाड़ी के संयोजक बेनाडिक हेंब्रम, नौडीहा पंचायत समिति सदस्य सुशील हांसदा दाढ़ी मंडल के मंडल उपाध्यक्ष आशीष यादव, घटवाल समाज के नेतारामप्रवेश राय , अजय सिंह हुकुम सोरेन आदि उपस्थित थे।

समाज के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : मोइज जिया

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

बसंतराय। नौजवान सशक्तिकरण समिति मांजर के तत्वावधान में ऐतिहासिक अखाड़ा मांजर पचुआ कित्ता के परिसर में समाज के विकास में शिक्षा का महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद नसीम अख्तर एवं संचालन ए एच आजाद फाउंडेशन के अध्यक्ष मो सुलेमान जहांगीर आजाद के द्वारा किया गया।उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व संयुक्त सचिव अब्दुल रज्जाक, बसंतराय प्रखंड प्रमुख अंजर आलम, कॉन्ग्रेस के बसंतराय प्र-खंड अध्यक्ष मो आलमगीर आलम, जिला पार्षद अरशद वहाब सनराइज हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर जुनेद आलम स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कामरेड एहतेशाम अहमद उपप्रमुख बजरंगी प्रसाद यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। स्वागत गान पैरामाउंट पब्लिक स्कूल के छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा विधानसभा के पूर्व विधायक, संजय प्रसाद यादव ने कहा कि हर क्षेत्र में विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षित होना अनिवार्य है ।अति विशिष्ट अतिथि कामरेड एहतेशाम अहमद दुमका ने कहा कि यह क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है इनके पिछड़ेपन को जगह जगह स्कूल और शैक्षिक संस्थान खोलकर दूर किया जा सकता है ।अनुसचिवीय कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री मोहम्मद मुजाहिद उल इस्लाम ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा के पैटर्न को बदल कर मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के प्रसार पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर दिया। सेमिनार को हाजी इकरार उल हसन आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्माटांड़ (जामताड़ा) के अजफर हसनैन एसडीएम भागलपुर मोइज जिया, दिशा पब्लिक स्कूल के निदेशक कामरान जलील, टाटा कॉलेज चाईबासा के प्रोफ़ेसर मुबारक करीम हाशमी ,स्थानीय जिला पार्षद अरशद वहाब ,प्रखंड प्रमुख अंजार आलम एवं पूर्व संयुक्त सचिव बिहार सरकार अब्दुल रज्जाक ,पूर्व सीडीपीओ बसंतराय खतीजा फरजाना, सरपंच संघ भरिया प्रखंड के अध्यक्ष हाफिज मकबूल झारखंड से कल्याण मंच के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद सगीर आलम ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल करने में मोहम्मद जलील अख्तर ,शाहिद परवेज, नैयर साबरी स्थानीय मुखिया कमली देवी एवं धपरा पंचायत के मुखिया आलमगीर आलम,ने महती भूमिका निभाया।

अखिल भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता "झंकृति 2022" के अंतिम राउंड में

दुमका के बाल कलाकार आशुतोष नाग का चयन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमकाःआर्ट ऑफ लिविंग संस्था की संबद्ध इकाई डब्लू एफ ए सी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देश भर के हजारों संगीत प्रतिभाओं में दुमका के आशुतोष नाग का चयन फाइनल राउंड सिलेक्शन के लिए हुआ है। पारा शिक्षक एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक मधुमंगल नाग ने बताया कि आशुतोष 3 वर्ष के उम्र से ही संगीत सीख रहा है। उन्होंने बताया कि आशुतोष में संगीत के कठिन सुरों के प्रति सहज अभिरुचि छुटपन से ही दिखती थी। आशुतोष को संगीत की शुरुवाती शिक्षा उनके पिता मधुमंगल नाग से ही मिली। विगत 3 वर्षों से आशुतोष मधुपुर के युवा शास्त्रीय गायक देवाशीष यादव जी से संगीत की बारीकियां सीख रहा है। इससे पहले भी 10 वर्षीय आशुतोष ने दुमका के कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी है। खेलने कूदने की कच्ची उम्र में इस बाल कलाकार द्वारा शास्त्रीय संगीत जैसे कठिन गायन विधा की प्रस्तुति शहर भर में चर्चा का विषय है।आशुतोष के पिता ने बताया कि इंटरनेट पर आशुतोष नाग के गायन प्रस्तुति को पूरे देश से प्रोत्साहन मिल रहा है। मधुमंगल नाग ने बताया कि संगीत प्रतियोगिता के अंतिम पड़ाव में, विभिन्न विधाओं के लिए भारतवर्ष से केवल 7 प्रतिभागियों का चयन होना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में प्रतिभागियों का चयन पॉपुलर वोट के आधार पर किया जाएगा यानी जिस प्रतिभागी के वीडियो प्रस्तुति को सबसे ज्यादा लाइक मिलेंगे उन्हें विजेता घोषित किया जाएगा। इसके लिए डब्लू एफ ए सी के यूट्यूब चैनल पर सभी प्रतिभागियों के कला प्रस्तुति का वीडियो अपलोड किया जा चुका है। डब्लू एफ ए सी के यूट्यूब चैनल पर आशुतोष के पंजीयन संख्या जे-4631 द्वारा उसके गायन प्रस्तुति को देखा - सुना जा सकता है।

संक्षिप्त समाचार

गिरिडीह जिला तैलिक साहु सभा शिष्टमंडल नायक बाबा पहुंच दिया मदद का भरोसा

गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जिला तैलिक साहू सभा के शिष्टमंडल के द्वारा नायक बाबा धाम गंजोबारी में नव निर्मित धर्मशाला का निरीक्षण किया गया । शुक्रवार को गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा के एक शिष्टमंडल जिसमें जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू महासचिव धर्म प्रकाश नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश साहा, कार्यकारिणी सदस्य देवराज शामिल था ने नायक बाबा धाम गंजो बारी में नव निर्मित धर्मशाला का निरीक्षण किया। नायक बाबा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष राम लखन गुप्ता ने कहा कि जो धर्मशाला का निर्माण हो रहा है उसमें गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा का अतुलनीय योगदान है। नायक बाबा धाम ट्रस्ट को शिष्टमंडल ने आश्वस्त किया कि धर्मशाला निर्माण में जो भी जरूरत होगी गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा अपना योगदान देगा।

दिया जलाओ रौशनी लाओ कैम्पेन को रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सराहा

गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार राज ने दिया जलाओ रौशनी लाओ कैम्पेन को सराहा। उन्होंने कहा कि हर किसी को मिट्टी के दिए का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि मिट्टी के दिए हमारी संस्कृति का अहम् भाग है साथ ही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए की मिट्टी के दिए बेचकर ही कुम्हार अपना घर चलाते है अपने परिवार का भरण पोषण करते है ऐसे में मिट्टी के दिए जलाने से हम सभी 2 घर रौशन कर सकते हैं साथ ही यह भी बताया गया की मिट्टी के दिए के प्रयोग से वातावरण को कोई नुकसान नहीं पहुँचता है और हमारे शरीर से नकारात्मक ऊर्जा निकलती है एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। मिट्टी के दीपक जलाने से घर के हानिकारक बैक्टीरिया खत्म होते हैं। उन्होंने सभी से मिट्टी के दिए जलाने की अपील भी की।

दिवाली पर युवा कांग्रेस ने वीर शहीदों को किया याद

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनुराग आनंद के नेतृत्व और कार्यक्रम के संचालक अभिषेक दुबे ने वीर कुंवर सिंह चौक पर रविवार को 'एक दिया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया एवं दर्जनों युवाओं की उपस्थिति में देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिया गया।इस मौके पर देवघर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनुराग आनंद ने कहा कि अगर आज हम सब अपने घर में सुरक्षित दीपावली मना रहे हैं क्योंकि हमारे देश के जवान अपने घर परिवार से दूर होकर सीमाओं पर तैनात है आज के दिन हम सभी को अपने घरों में देश के शहीदों श्रद्धांजलि एवं हमारे वीर जवानों की सलामती की प्रार्थना करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित युवा कांग्रेस के नेता अभिषेक दुबे, आशुतोष पासवान,मिन्हाज मिर्ज़ा , शिवम कुमार ,सिद्धार्थ कुमार , सूरज सिंह , सुमित कुमार , ओम प्रकाश मिश्रा ,युवा छात्र नेता अश्वनी सिंह, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

छोटा सरूवापानी गांव में लगा ट्रांसफार्मर तीन माह से खराब, विभाग मौण , ग्रामीण परेशान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। काठीकुंड प्रखंड के छोटा सरूवापानी गांव का ट्रांसफार्मर तीन माह पूर्व जल गया था,जिससे विभागीय मिस्त्री तत्काल खोलकर ले गए थे।ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा इसकी मरम्मती कर लगाया जाएगा। लेकिन तीन माह बाद भी छोटा सरूवापानी गांव के ग्रामीणों बिना बिजली के अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण रमेश सोरेन,सुनीलाल हांसदा,छोटका मरांडी,मुचिया मरांडी, दासो हांसदा,मानेल हांसदा,राजेश हांसदा,लुबीन टुडू,लुखीराम बास्की, स्माइल मरांडी,मंगल मरांडी एवं सुनीराम हांसदा ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था।ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी बिजली विभाग को दे दी गई थी, जिसके बाद विभाग के कर्मचारी गांव आकर तीन महीने पूर्व ट्रांसफार्मर की मरम्मती करने के लिए लेकर चला गया। लेकिन तीन महीने का समय बीत जाने के बावजूद अभी तक विभाग ने ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है। इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया छोटू मुर्म को भी दी जा चुकी है, बावजूद अब तक गांव में विभाग ने ट्रांसफार्मर लाकर नहीं लगाया है। जिस कारण ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को भी पढ़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अब तो हमलोगो को दीपावली पर्व भी अंधेरे में मनाना पड़ेगा। इस मामले में विधुत विभाग के सहायक अभियंता अभय मोहन सहाय ने बताया कि दीपावली के बाद ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाएगा।

बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। छोटी दीपावली के अवसर पर निफा दुमका के सौजन्य से दुमका रेलवे स्टेशन समीप स्थित कुलड़िया गांव में बच्चों के बीच मिठाई,दीप,पटाखे एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया।मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने कहा कि हमारे बीच आज भी ऐसे बच्चे हैं जिनके पास ठंडे मौसम में पहनने के लिए गर्म कपड़े नहीं है जिसके कारण वे कष्ट में रहते है,इसलिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया कि आने वाले ठंड में उनको वस्त्र मिल सके।जतिन कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद गरीबों की सेवा करना है।मौके पर अभिषेक रंजन ,खुशबू कुमारी ,तनु कुमारी ,प्रीति प्रिया, अभिषेक साहा, सुमित भंडारी एवं ग्रामीण आदि मौजूद थे।

विद्युत कर्मियों ने 33 हजार पोल में लगे भीक्रॉस को काटते दो चोर को रंगे हाथों पकड़ा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवरी। दुस्साहस की हद पार कर और मौत को गले लगाकर दो पैसे की लालच में 33 हजार हाई टेंशन तार की पोल में लगे भीक्रॉस को काटते हुए विधुत कर्मियों ने रविवार को रंगे हाथों दो चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।मामला देवरी थाना क्षेत्र के टिहरो की है जहां दो लोग दिनदहाड़े बेखोप होकर पौल में लगे भीक्रॉस को सुनसान देखकर काट रहा था, जिसकी सूचना राहगीरों ने बिजली विभाग के कर्मियों को दी। इधर सूचना मिलते ही देवरी, रानीडीह और खरगडीहा पावर सब स्टेशन के विद्युत कर्मी अपनी तत्परता दिखाते हुए उक्त स्थल पर पहुंचकर दोनो चोरों को रंगे हाथों धर दबोचा और देवरी पुलिस के हवाले कर दिया।चोर की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के खेदुआ डीह निवासी मुकेश कुमार पिता महेंद्र दास व दूसरे का नाम भी मुकेश कुमार पिता जीतन दास के रूप में किया गया। वहीं दोनों के पास से लोहा काटने वाला ब्लेड और 10 पीस भीक्रोस का काटा हुआ टुकड़ा भी बरामद किया गया।उक्त घटना की जानकारी देवरी विद्युत कर्मी सुभाष कुमार राय ने दिया।मौके पर सानू कुमार,संतोष कुमार,उदय मिश्रा,अमित मिश्रा,सोनू कुमार,शंकर कुमार,अरविंद साव समेत तीनों पावर हाउस के कई विद्युत कर्मी मौजूद थे।

डिजिटल सदस्यता अभियान एवं भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस प्रखंड कमिटी का बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवरी। कांग्रेस प्रखंड कमिटी देवरी द्वारा रविवार को प्रखंड कार्यालय देवरी में प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में डिजिटल सदस्यता अभियान एवं भारत जोड़ो यात्रा को लेकर एक बैठक आहूत की गई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा उपस्थित रहे।उक्त बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूती को डिजिटल सदस्यता अभियान पर विषेश जोर दिया गया तथा भारत जोड़ो यात्रा को लेकर प्रत्येक सप्ताह शनिवार के दिन बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रत्येक जिला परिषद क्षेत्र में एक मंडल अध्यक्ष का चुनाव करने का निर्णय लिया गया जिसमे सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया और डिजिटल सदस्यता अभियान में बढ़चढकर हिस्सा लेकर अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़कर संगठन बजबूत करने की बात कही।मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष धोकल दास,निवारण चंद्र राय,अशोक कुमार राय, कपीलदेव राय,रजनीश उर्फ कुंदन कुमार सिंह,रामनारायण दास, हरला मुखिया प्रतिनिधि केदार रविदास,पुरषोत्तम चौधरी,सत्येंद्र कुमार राय,पावन कुमार राय,संजय कुमार सिंह,कार्तिक राणा,अब्दुल अंसारी,गोपाल कुमार राय,अवधेस कुमार राय,आशुतोष कुमार तिवारी,दिनेश राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सांसद निशिकांत करेंगे 201 मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का हल करने व विकास के लिए प्रयत्नशील है। अब उन्होंने गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के 201 मंदिरों अर्ध निर्मित मंदिरों का निर्माण व अन्य मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाने का प्रण किया है। इस बाबत उन्होंने घोषणा की है कि वे अपने निजी कोष से चेक के माध्यम से समानुपात रूप से सभी 201 मंदिरों में 1-1 लाख रुपए का दान देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे 201 मंदिरों को उन्होंने अपने गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में चिन्हित किया है। उन्होंने कहा कि चेक से राशि देने का उद्देशय यह है कि इसमें कोई कुछ नहीं कह सकता और सब कुछ पारदर्शी तरीके होगा। यह राशि 6 माह के अंदर सभी 201 मंदिरों में दान दे दिया जाएगा। सांसद की इस घोषणा से गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सनातन धर्मावलंबियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लोगों ने सांसद की इस घोषणा का स्वागत करते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। सादर सूचित करना है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् देवघर जिला के द्वारा रविवार को देवघर के टावर चौक पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान शहीदों की याद में दीप जलाते हुए छात्रों ने दीपावली के त्यौहार पर सभी लोगों से अपने घरों में एक दीया शहीदों के नाम जलाने का आग्रह किया। मौके पर प्रदेश सह मंत्री राजेंद्र साव ने कहा की हम सब देशवासी इस देश में तरह-तरह के त्योहार शान्ति से सिर्फ इसिलए मना पाते है क्योंकि हमारी सीमा की रक्षा करने के लिए बॉर्डर पर भारतीय सेना के जवान तैनात हैं। वे अपनी जान की परवाह किये बिना सर्दी-गर्मी और धुप में हमेशा भारत माता की रक्षा हेतु तैनात रहते हैं। विद्यार्थी परिषद हर वर्ष दिवाली से एक दिन पूर्व एक दीया उन शहीदो के नाम कार्यक्रम करती हैं । जिला प्रमुख प्रो. डॉ. राजेश राज ने कहा की दीपावली पर्व पर जहां एक तरफ पूरा देश उत्साह के माहौल में अपने परिवार के साथ खुशी मना रहा है, वहीं देश की सीमा पर सैनिक हमारी रक्षा के लिए तैनात हैं। इन्हीं में से कई सैनिकों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है तो आइए इस दीपावली देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर वीर शहीद सैनिकों के नाम एक दीपक जलाएं एवं उनको याद करें वहीं मौके पर जिला संयोजक प्रशांत शंकर ने कहा कि जब हम त्यौहार मनाते हैं तो ये हमारा फर्ज है की हमारी सुरक्षा में शहीद हुए शहीदों को याद करें। एबीवीपी शहीद परिवारों के साथ हमेशा खड़ी है। इस मौके पर ,ललन मिश्रा, पूनम सिंह, निर्मल मिश्रा, सी.एन. दुबे,प्रदेश सह मंत्री राजेंद्र साव, विभाग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार, जिला प्रमुख प्रो. डॉ. राजेश राज, जिला संयोजक प्रशांत शंकर, जिला एस एफ एस प्रमुख युवराज सिंह, कॉलेज अध्यक्ष सानू सिंह,कॉलेज मंत्री शुभम कश्यप, कॉलेज उपाध्यक्ष शैलेश चौधरी,नरोत्तम,आकाश, प्रिंस राज , गोपाल, अर्पित,आलोक, श्रद्धा खुशी,नंदनी,तम्मना, संजना के अलावा सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

राष्ट्रीय नारायणी सेना के सदस्य ने किया रक्तदान

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। राष्ट्रीय नारायणी सेना के सदस्य शुभम पाराशर ने अपना रक्तदान कर किया जरूरतमंद महिला को सहयोग। बी एन झा रोड देवघर का रहने वाली अनु बलियासे देवघर सदर हॉस्पिटल में एडमिट है। उन्हें ए पॉजिटिव रक्त की जरूरत पड़ी। उनके परिजन में रक्तदान करने वाला कोई सदस्य नहीं था। उनके परिजन द्वारा यह सूचना राष्ट्रीय नारायणी सेना के जिला अध्यक्ष अरूप चक्रवर्ती को दिया गया। अध्यक्ष ने संज्ञान में लेकर अपने सेनाओं के सदस्यों से विचार विमर्श किया। सेनाओं में शिवम कुमार ने अपना रक्तदान करने की इच्छा जता कर देवघर ब्लड बैंक आकर अपना रक्तदान कर अनु बलियासे के परिजन को सुपुर्द किया। सेना आए दिन निस्वार्थ भाव से निष्ठा पूर्वक आप सभी जरूरतमंदों के साथ खड़े हैं, और खड़े रहेंगे। आप सभी युवाओं से भी आग्रह है की जरूरत पड़ने पर रक्तदान अवश्य करें। मौके पर उपस्थित महासचिव दीपू राज, राजू कुंजील वार, अंग्रेज दास, विश्वजीत राय, गौरव नंदन आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

मधुपुर पुलिस ने पटवाबाद के सलैया में पुलिस-पब्लिक जनसभा का किया आयोजन

मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर मधुपुर प्रखंड के पटवाबाद सलैया में जिला पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र जाट के निर्देश पर मधुपुर थाना के एसआई मनोज कुजुर के नेतृत्व में रविवार को पुलिस-पब्लिक जनसभा का आयोजन किया गया।इस दौरान उन्हों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कहा आम लोगों के मन में पुलिस के प्रति गलत धारणा अथवा अनावश्यक भय को दूर करना कार्यक्रम का उद्देश्य है।कहा किसी भी तरह की परेशानी होने पर बेहिचक थाना पहुंचकर इसकी सूचना दें।पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर है। वहीं मुखिया शुशीलाल कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत के छोटे-छोटे मामले पंचायत के माध्यम से समझौता कर निपटारा करने की सलाह दी जाएगी। मौके पर थाना के एएसआई शौकत खान,निर्भय सिंह समेत दर्जनों अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे!

पाकुड़ जिले के नगर थाना क्षेत्र और मुफ्फासिल थाना क्षेत्र बना जुआड़ियों का सुरक्षित जॉन

जुआ खेलने वाले की सूचना मिलने के बाबजूद टाल मटोल की स्थिति

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। अहसान आलम
जिले के मुफ्फासिल थाना क्षेत्र के कशीला मोड़ जो पाकुड़ मुफ्फासिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है उक्त गांव से सटे नया कोल्ड स्टोरेज बन रहा है। उसी कोल्ड स्टोरेज के पीछे जंगल में भारी भरकम जुआ खेलने वाले जमे रहते है। इस जुआ मे क़रीब 60 लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की उक्त जगह पर जुआ खेल जारी है, जहां हजारों लाखों का जुआ चलता हैं। इस मामले की सूचना गूप्त रूप से मुफ्फासिल थाना प्रभारी मिंटू कुमार भारती को दी गई थी। साथ साथ इस मामले की सूचना पाकुड पुलिस के वरीय पदाधिकारी को दी गई थी। इसके बाबजूद महज तीन पुलिस जवान, एक स०अ०नि० एक पुलिस वैन और एक स्थानीय ड्राइवर के भरोसे गाड़ी कशीला पहुंची। गाड़ी रूकते ही पुलिस गाड़ी के चालक ने कहा इस जगह मे तीन पुलिस जवान और एक स० अ०नि० इस मामले पर कुछ नहीं कर सकता हैं। यह लोग बम भी चला सकता हैं। इस बात से शायद ड्राइवर पुलिस जवान को डराने का काम किया हों या कोई गहरा सेटिंग हों ताकि पुलिस उस स्थान तक पहुंचने में नाकाम रहे। खैर जो भी हो पर यहां एक बड़ा सवाल हैं। जब थाना प्रभारी को सूचना मिली की क़रीब 60 की संख्या में जुआड़ी है तो फिर एक पुलिस जीप में तीन पुलिस जवान और एक स०अ०नि०को उक्त स्थान में भेज देना यह भी बड़े ही चौकाने वाले तथ्य है। आख़िर जुआड़ी पर कोई कारवाई करना ही नहीं चाहते हैं। सूत्रों की माने तो कई सफ़ेद पोश इस जुआड़ियो को संरक्षण देने का कार्य कर रहे है। इस जुआ को लेकर कई सफेद पोश को मोटी रकम मंथली पैकेज भी समय पर पहुंच जाती हैं। चाहे जो भी हो इस धंधे को फलने फूलने मे अच्छों अच्छों का अहम योगदान कही ना कहीं किसी सूत्र में है। पाकुड जिले के मुफ्फासिल थाना क्षेत्र के रहसपुर में भी लाखो का जुआ प्रतीदिन जारी है। सूत्रो से जानकारी है की कुछ पतलकार की मंथली पैकेज भी फिक्स हैं। जिनकी वजह से अब तक बड़े पैमाने पर जुआ खेलने वाले मालदा से रहसपुर तक का दूरी बॉर्डर एरिया पार कर घुसते है। पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के सिंधी पाड़ा, एवं अन्य जगहों पर बड़े पैमाने पर जुआ खेलने वाले की महफिल सजती है। पर सभी जुआ मैनेज पर नियमित रूप से जारी है। जब सैया भए कोतवाल तो डर किसका यह मुहावरा इस स्थान पर साठिक बैठता है। जुआ खेलने वाले को यदि आप संरक्षण प्रदान करते हैं तो इसका समाज पर बुरा असर पड़ेगा। थाना क्षेत्र में चोरी की घटना मे बढ़ोतरी होना तय है। छीनतई की घटना में बढ़ोतरी होना तय है। गृह भेदन, और बाइक चोरी के मामले की बढ़ोतरी होना तय है। चुकी जब जुआ मे कोइ व्यक्ति मोटी रकम हार जाती हैं तो उसके पास कोई विकल्प नहीं होता है की पैसे कहा से आए तब जुआ खेलते हुए हारने वाले इस तरह के घटना को अंजाम देने की योजना को गढ़ते है और पुलिस मामले को लेकर परेशान रहते हैं अगर थाना क्षेत्र में उपराध पर अंकुश लगाना है तो सर्व प्रथम ग्रामीण क्षेत्रों में जारी जुआ को रोकना अनिवार्य है।

दीप लेकर देश के शहीद वीर जवानों को याद करते हुए उनके परिजनों के प्रति शुभकामना व्यक्त किया

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के पूर्व संध्या पर धनतेरस के पावन अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई पाकुड़ के बैनर तले अमर शहीद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदमकद प्रतिमा के समक्ष एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका नेतृत्व जेएसएफ के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने किया।आज के इस कार्यक्रम में नगर परिषद के अध्यक्ष सम्पा साहा, भाजपा नेता अनुग्राहित प्रसाद साह, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू,पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी शबरी पाल,अनिकेत गोस्वामी,अशोक प्रसाद,पार्वती देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्वप्रथम भारत माता के पूजन कर अमर बलिदानी भारत माता के सपूत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदमकद भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उसके समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया गया और श्रद्धांजलि दी गई।तत्पश्चात भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-एक दिया देश के शहीद जवानों के नाम प्रज्वलित कर नमन किया एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने हाथों में एक एक दीप लेकर देश के शहीद वीर जवानों को याद करते हुए उनके परिजनों के प्रति शुभकामना व्यक्त किया और उनके परिवारों अपना खुशी लौटे और उनके सहनशक्ति हेतु कामना किया गया।उपस्थित कार्यकर्ताओं का समुह वंदे मातरम,भारत माता की जय देश के शहीद जवान अमर रहे आदि का जयघोष कर रहे थे।
इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने कहा कि आज उन भारत माता के वीर शहीदों की याद में एक-एक दिया जलाया गया। जिनके बदौलत आज भारत माता सुरक्षित है,देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और पूरा देश अमन-चैन के साथ जीवन व्यतीत कर पाता है और पूरा जनमानस हर्षोल्लास के साथ अपने परिजनों के साथ पर्व त्यौहार मना पा रहा है।ऐसे वीर सपूतों को हम शत शत नमन करते हैं।आज के कार्यक्रम में विश्वनाथ प्रसाद भगत,सादेकुल आलम,बहादुर मंडल,सुशील साहा,राजेश डोकानियां, धर्मेंद्र साहा,पवन भगत,ओम प्रकाश नाथ,अमित साहा,पुरुषोत्तम राय अक्षय कुमार चौरसिया,सत्यम भगत,राकिबुल शेख,राहुल दास, डालिम शेख,अभिषेक भगत,मुस्तफा शेख, कृष्णा प्रमाणिक,राहुल तिवारी, बादल साहा,निरेन मंडल, भाषा मंडल सौभाग्य मंडल, सोना मंडल, कालीचरण मंडल,वकील मंडल, माधव मंडल, सूरज हाजरा,शकील अंसारी,राहुल कुमार, कुमार,रमेश केवट सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

समकालीन अभियान के तहत तीन गिरफ्तार

देवीपुर

देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट के निर्देश पर देवीपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह के द्वारा शनिवार को समकालीन अभियान के तहत शनिवार की रात्रि मैं केश वारंटी की धड़-पकड़ अभियान चलाया गया।जिसमें विभिन्न मामलों के तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि प्राप्त जानकारी के आलोक में थाना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय के पन्नबोना गांव निवासी बबलु सौरेन, ललित सौरेन व मुंडामुंडी गांव निवासी भोक्ता सोरेन गिरफ्तार कर कोविड जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

बासुकीनाथ में पहला दीपक बाबा मंदिर में जलाने की है परम्परा

दुमका/संवाददाता। दुमका जिला में पड़ने वाला धार्मिक महत्व का बासुकीनाथ धाम और ऐतिहासिक गांव मलूटी दोनों ही देश भर में विख्यात हैं। बासुकीनाथ धाम और मलूटी में दीपावली की इस वर्ष खास तैयारी है। दोनों ही जगह दीपावली पर अपनी एक खास परम्परा है। बासुकीनाथ धाम में रहने वाले सभी परिवार दीपावली के दिन पहला दीपक बाबा मंदिर में जलाते हैं। इसके बाद ही वे अपने घरों में दीए जलाते हैं। हर घर से पहला दीपक बाबा बासुकीनाथ मंदिर में जलाए जाने पर यहां मंदिर प्रांगण में दीयों की जो श्रृंखला बनती है वह अद्भुत होती है। दीपावली पर मंदिर प्रशासन के द्वारा बाबा मंदिर को विशेष रुप से सजावट की जाती है।

● मलूटी में सामूहिक रुप से करते हैं आतिशबाजी

मंदिरों के गांव मलूटी में दीपावली के साथ ही कालीपूजा का विशेष महत्व है। देश के अलग-अलग स्थानों में रहने वाले मलूटी के लोग दीपावली व कालीपूजा में अपने घर जरूर आते हैं। मलूटी में 8 स्थानों पर काली पूजा की तैयारी की गई है। मलूटी की एक खास परम्परा है कि दीपावली में लोग अपने घरों पटाखा फोड़ने के बजाए सभी लोग गांव के फुटबॉल मैदान में जुटते हैं और सामूहिक रुप से एक साथ आतिशबाजी करते हैं। मलूटी गांव के लोग पटाखों की खरीददारी भी सामूहिक रूप से चंदा एकत्रित कर करते हैं।

नरक चतुर्दशी पर मनीं हनुमान जयंती

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। पवित्र कार्तिक मास में रविवार को नरक चतुर्दशी के अवसर पर बिलासी स्थित हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बैद्यनाथ सिनेमा घर के निकट महावीर मंदिर में पुजारी परागी राम तिवारी ने हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया। इस क्रम में प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान जी को नए वस्त्र के साथ पायस,लड्डू व विभिन्न प्रकार के ऋतु फल का भोग लगाया गया। तत्पश्चात हनुमान जी की भव्य आरती की गई। इस बीच पुजारी श्री तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि नरक चतुर्दशी को खासकर दक्षिण भारत मे हनुमान जयंती वृहत रूप से मनाया जाता है। इस बीच धीरे धीरे उत्तर भारत मे भी यह शुरू हो रहा है। श्री तिवारी ने प्रति वर्ष नरक चतुर्दशी को हनुमान जयंती मनाने का संकल्प लिया है,जिसकी शुरुआत इन्होंने इस वर्ष से कर दी है।

रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है, रंगोली के बिना दीपावली अधूरी है : डॉ. जे.सी.राज

दीपावली के मौके पर संत माइकल एंग्लो विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। दीपावली के उपलक्ष्य पर को संत माइकल एंग्लो विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को चार हाउस ब्लू, येलो, ग्रीन, व रेड में बांटा गया था।जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी हाउस की प्रतिभागियों ने सुंदर रंगोली बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। जिन्हें देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

» रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत :

मौके पर संत माइकल एंग्लो विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जे.सी.राज ने कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।रंगोली शब्द सुनते ही दिलों-दिमाग में रंगों की उमंगें हिलौरें लेने लगती हैं। कहा कि शुभ मौके पर घर के द्वार में रंगोली सजाना हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और हमें हमारे वास्तविक रीति-रिवाजों से बांधे रखती है। आदि काल से चली आ रही इस परंपरा का वजूद कायम है। पहले विभिन्ना रंगों से घर-आंगन में रंगोली सजाई जाती थी, लेकिन वर्तमान में आधुनिक चकाचौंध में परम्परागत रंगोली की कद्र घटती जा रही है। लोग आजकल रेडिमेड रंगोली लाकर घरों को सजा रहे है। रंगोली के बिना दीपावली अधूरी है

» चार हाउस में बांटा :

प्रतिभागियों को चार हाउस बांटा गया था जिनमें ब्लू हाउस में साक्षी, राशी, कनिष्का, स्नेहा, पायल, आयुष, येलो हाउस में अनुराग, विश्वास, पायल, मानी, रूद्र रेड हाउस में पीयूष, गुनगुन, श्रुति, अनुभव, स्मृति, निर्दोष, अर्चना ग्रीन हाउस में अनन्या, आशा लता, प्रज्ञा, सत्यम, मंजु, आयुष शामिल थे।

डीआईजी ने किया बड़ा बांध छठ घाट का निरीक्षण,तालाबों का करें बेरिकेटिंग

दुमका/संवाददाता।

बड़ा बांध छठ घाट का निरीक्षण डीआईजी सुर्दशन प्रसाद मंडल ने किया। रविवार की सुबह छठ घाट पहुंचकर समिति के सदस्यों से मिले। जहां छठ पूजा की तैयारी का जायजा लिया। डीआईजी श्री मंडल ने कहा कि छठ महापर्व झारखंड और बिहार में पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है। यहां पर सभी लोग शुद्ध तन व मन के साथ इस महापर्व को करते है। चार दिनों तक चलने वाला महापर्व से पूरा शहर का महौल भक्तिमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को घाट एवं तालाब उतरने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। इसके लिए समिति के सदस्य लाईटिंग, तालाब के चारों ओर बेरिकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को काफी दुरूस्त रखेंगे, ताकि किसी छठ व्रति को परेशानी ना हो सके। डीआईजी श्री मंडल ने आम जनता से अपील किया कि कोई भी व्यक्ति अपने घर का कचरा एवं अन्य चीजों को तालाब में ना फेंके। कुछ ही दिनों में छठ महापर्व आ रहा है। सभी छठ पूजा समिति के सदस्य तालाब की साफ-सफाई एवं रंगाई में जुटे हुए है। ऐसे समय में तालाब को फिर से गंदा करना ठीक नहीं है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने घरों के कचरे को एक जगह एकत्रित रखे। जहां-तहां ना फैलाएं।

दीपावली को लेकर बर्न यूनिट वार्ड तैयार,महलम-पट्टी की पर्याप्त व्यवस्था

दुमका/संवाददाता। दीपावली को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने भी तैयारी पूरी कर ली है। दीपावली को लेकर दुमका फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न यूनिट को दुरुस्त कर दिया गया है। 7 बेडों के बर्न यूनिट में वर्तमान में एक ही मरीज भर्ती है। 6 बेड खाली पड़ा हुआ है। दीपावली को लेकर अस्पताल में महलम-पट्टी की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। आग से झुलसने के बाद अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई दिक्कत नहीं होने दिया जाएगा। दीपावली को लेकर चिकित्सकों की भी तैनाती रहेगी। फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक अनुकरण पूर्ति ने बताया कि दीपावली त्योहार में पटाखों का इस्तेमाल कम करना चाहिए। अगर बच्चे पटाखे फोड़ रहे है तो उसकी देखरेख परिवार के सदस्य अवश्य करें। अधीक्षक ने बताया कि दीपावली को लेकर अस्पताल में महलम पट्टी की पर्याप्त व्यवस्था है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। दीपावली की रात में चिकित्सकों की भी पर्याप्त संख्या में तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सर्जरी वार्ड में एक कमरे का बर्न यूनिट वार्ड है। बर्न यूनिट में 7 बेड लगे हुए है।

शिकारीपाड़ा में दो बाइकों की टक्कर में चौकीदार जख्मी

दुमका/संवाददाता। दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर शिकारीपाड़ा के जामुगढ़िया गांव के पास दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर में शिकारीपाड़ा थाना के एक चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गए है। यह घटना रविवार को हुई। एक बाइक पर शिकारीपाड़ा थाना के चौकीदार दरवेश सोरेन थे, जो गंभीर रूप से घायल हुए। साथ ही दूसरे बाइक पर सवार साहेब हांसदा को भी चोट आई है। दरवेश सोरेन पोखरिया गांव के रहने वाले हैं, जबकि साहेब हांसदा सरायपानी गांव का निवासी है। इस मामले में शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली एक बार फिर सामने देखने को मिली जब गंभीर रूप से घायल दरवेश सोरेन को शिकारीपाड़ा थाना के पुलिसकर्मियों ने इलाज के लिए भर्ती कराया,पर चौकीदार के इलाज की कोई व्यवस्था नहीं थी। आयुष चिकित्सक मिथिलेश कुमार ड्यूटी पर थे। उन्हीं के द्वारा इलाज़ शुरू किया गया। बहरहाल चौकीदार दरवेश की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज की आवश्यकता है ।

6 वर्ष से फरार चल रहे अरविंद दास गिरफ्तार, गया जेल

मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। पुलिस ने थाना क्षेत्र के आमतल्ला भेड़वा में बीती शनिवार की रात छापेमारी कर करीब 6 वर्षों से फरार चल रहे अरविंद दास नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कांड के अनुसंधान पदाधिकारी एएसआई धनंजय मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के तहत मामला दर्ज है। करीब 6 वर्षों से फरार चल रहा था।अनुमंडल अस्पताल में कोविड जांच के बाद न्यायलय में प्रस्तुत किया जहां से जेल भेज दिया गया।

आनंद सब के लिए.. कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच ने किया मिठाई का वितरण

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रविवार को 'आनंद सब के लिए' प्रोग्राम के तहत मारवाड़ी युवा मंच देवघर शाखा द्वारा विभिन्न जगहों पर मिठाई बांटी गई। मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने कहा कि 5 ग्रुपों में निकल कर मिठाई बाटी ।जिसमें बाबा मंदिर के बाहर ,चांडी में वृद्धा आश्रम , नारायण सेवा आश्रम ,सरस कुंज में मिठाई का वितरण किया गया। वही मौके पर इस प्रोग्राम का मकसद हर किसी के होठों पर मुस्कान लाने की है। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अनुज धानुका ने बताया कि त्यौहार तो सब अपने परिवार के साथ सब मनाते हैं पर बच्चो एवं दूसरों के साथ मिठाई बांटकर ज्यादा आनंद आता है। इस कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष अनुज धानुका, सचिव केशव चोखानीं, कोषाध्यक्ष साकेत चौरसिया,उपाध्यक्ष रोहित सुलतानिया, अमित चौरसिया, अभिषेक सिंघानिया विवेक टिबड़ेवाल, कमल हमीरवासिया, श्रवण बथवाल, हरीश तोलासरिया, राजेश गुप्ता, निहित टमकोरिया, पंकज भालोटिया, अरदीप शर्मा। उक्त जानकारी मंच के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रोहित सुल्तानिया ने दी

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

लक्षित आतंक

पिछले दिनों गृहमंत्री जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गए तो उन्होंने दावा किया कि आतंकी संगठनों को समूल नष्ट किया जाएगा। निस्संदेह उससे सुरक्षबलों का हौसला कुछ बढ़ा होगा। मगर ऐसा आतंकी संगठनों के मनोबल पर कोई खास असर नजर नहीं आ रहा। एक दिन पहले शोपियां में हथगोला फेंक कर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी गई।

उससे पहले एक कश्मीरी पंडित को निशाना बना कर मार डाला गया। पिछले कुछ महीनों से कश्मीरी पंडितों और किसी अन्य राज्य से वहां जाकर रह रहे लोगों को निशाना बना कर मारा जा रहा है। इससे आम लोगों के बीच दहशत का माहौल है और कश्मीर पंडित करीब डेढ़ महीने से धरने पर भी बैठे हुए हैं कि उन्हें कश्मीर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर चले जाने दिया जाए। मगर सरकार ने उन्हें वहीं रोक रखा है। दरअसल, कश्मीरी पंडितों के घाटी में पुनर्वास की मंशा से उन्हें नौकरियां दी गइं, उनके मुहल्ले आबाद किए गए, मगर जैसी सुरक्षा उन्हें मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पाई।

इसलिए आतंकी उन्हें आसानी से निशाना बनाते रहे हैं। हत्या की ताजा घटनाओं के बाद एक बार फिर कश्मीरी पंडितों ने घाटी से बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर बसने की मांग दोहराई। कश्मीरी प्रवासी पंडित संगठनों की ओर से घाटी में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्याओं पर चिंता जाहिर करते हुए जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए एक तथ्यान्वेषण प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने का प्रस्ताव किया गया।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होनी है। सरकार चाहती थी कि चुनाव से पहले घाटी में अमन का माहौल बने, मगर स्थितियां जटिल होती जा रही हैं। तमाम तैयारियों और चौकसी के बावजूद आतंकी हमलों में कमी नहीं आ रही। पिछले आठ-नौ सालों से घाटी में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर सशस्त्र बल तलाशी लेते और आतंकियों की पहचान करते रहे हैं।

सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अलगाववादी संगठनों और आतंकियों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है, संदिग्ध बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। सड़क के रास्ते पाकिस्तान से होने वाली तिजारत बंद है, जिससे आतंकियों को चोरी-छिपे हथियार पहुंचाने की कोशिशों पर लगाम लगी है। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद करीब डेढ़ साल तक घाटी में कर्फ्यू लगा रहा, संचार सेवाएं बंद रहीं।

तब दावा किया गया कि घाटी में आतंकवादियों की कमर टूट चुकी है। आतंकवाद में कमी के आंकड़े जारी कर संतोष भी प्रकट किया गया। मगर घाटी से कर्फ्यू हटते ही आंकड़े आए कि जिन दिनों कश्मीर बंद था, उस वक्त भी आतंकवादी संगठनों में नए सदस्यों की भर्ती होती रही।

दरअसल, कश्मीर में आतंकी घटनाएं रुकने का नाम इसलिए नहीं ले रही हैं कि सरकार उसे सिर्फ बंदूक के बल पर रोकने का प्रयास कर रही है। हैरानी की बात नहीं कि जब-जब सख्ती के आदेश दिए गए हैं, तब-तब आतंकी घटनाएं बढ़ जाती हैं। घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला, सैन्य शिविरों में घुसपैठ, बाहरी लोगों या प्रवासी मजदूरों को निशाना बना कर मारने, कश्मीरी पंडितों में भय पैदा करने जैसी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है।

हकीकत यही है कि आतंकवाद समाप्त करने के सरकार चाहे दावे जितने करे, पर इस समस्या से पार पाने में उसकी रणनीतियां कारगर साबित नहीं हो पा रहीं। इसलिए अगर सरकार सचमुच घाटी के लोगों का जीवन सुरक्षित करना और वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करना चाहती है, तो उसे दूसरे उपायों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

अपने ही बुने जाल में फंस गईं ब्रिटेन की पीएम

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में लिज ट्रस की पारी की खराब शुरुआत हुई है। इसे ब्रिटेन के लोग भी मानेंगे। यह शुरुआत आर्थिक और राजनीतिक ही नहीं, कूटनीतिक स्तर पर भी खराब रही है। लिज ट्रस के प्रधानमंत्री पद संभालने के दो महीने के अंदर उनके वित्त मंत्री को कुर्सी खाली करनी पड़ी।

यह कुर्सी फिर उस शख्स को मिली, जिनका आर्थिक दर्शन एकदम अलग माना जाता रहा है। पिछले हफ्ते क्वासी क्वार्टेंग की जगह लेने वाले जेरेमी हंट हालांकि यह बात दोहराते रहे हैं कि लिज ट्रस के नेतृत्व में ही सारे फैसले लिए जा रहे हैं, फिर भी उन्होंने टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री के वादे को पलट दिया है।

नई पीएम की मुसीबतें

इसके बाद सत्ता के गलियारों में पूछा जा रहा है कि लिज ट्रस और कितने दिन अपने पद पर रहने वाली हैं। उनके सामने मुसीबतें भी कम नहीं हैं:

-बैंक ऑफ इंग्लैंड ने आगाह किया है कि ब्याज दरों में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी करने की जरूरत पड़ सकती है क्योंकि महंगाई पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रही है।

-अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी लिज ट्रस की मूल आर्थिक नीतियों को गलती करार देते हुए कहा कि सरकार के मिनी बजट के बाद जो खलबली मची, वह मचनी ही थी।

-यहां तक कि ब्रिटिश सुपर मार्केट चेन टेस्को के प्रमुख ने भी कहा कि कंजर्वेटिव्स के पास विकास की कोई योजना ही नहीं है।

प्रधानमंत्री बनने की रेस में ऋषि सुनक को हराकर ट्रस ने जो रुतबा हासिल किया था, वह इन वजहों से देखते-देखते गायब हो गया। सुनक ने तब आर्थिक मामलों में ट्रस के उतावलेपन को लेकर आगाह किया था, लेकिन टैक्स कटौती पर उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता से प्रभावित कंजर्वेटिव पार्टी के आम कार्यकर्ता उनके समर्थन में आ गए:

-सत्तासीन होने के बाद ट्रस ने इन विचारों को अमल में लाने की कोशिश शुरू की और नतीजा सबके सामने है। नए वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने माना कि पिछले फाइनैंस मिनिस्टर का 'मिनी बजट' 'बहुत तेजी से, बहुत आगे तक' चला गया।

-ट्रस को बचाने के लिए क्वार्टेंग को बलि का बकरा बनना ही था, लेकिन उनके जाने के बाद भी कंजर्वेटिव पार्टी में जिस तरह

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में लिज ट्रस की पारी की खराब शुरुआत हुई है। इसे ब्रिटेन के लोग भी मानेंगे। यह शुरुआत आर्थिक और राजनीतिक ही नहीं, कूटनीतिक स्तर पर भी खराब रही है। लिज ट्रस के प्रधानमंत्री पद संभालने के दो महीने के अंदर उनके वित्त मंत्री को कुर्सी खाली करनी पड़ी। यह कुर्सी फिर उस शख्स को मिली, जिनका आर्थिक दर्शन एकदम अलग माना जाता रहा है। पिछले हफ्ते क्वासी क्वार्टेंग की जगह लेने वाले जेरेमी हंट हालांकि यह बात दोहराते रहे हैं कि लिज ट्रस के नेतृत्व में ही सारे फैसले लिए जा रहे हैं, फिर भी उन्होंने टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री के वादे को पलट दिया है।

की निराशा दिख रही है, उससे साफ है कि ब्रिटेन इस वक्त शासन के मोर्चे पर किस तरह की गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहा है।

साख पर सवाल

ब्रिटेन हमेशा से गंभीर नीतियों वाला देश रहा है। सबसे बुरे दौर में भी ब्रिटिश नीति-निर्माताओं ने धैर्य और दृढ़ता के साथ संकट का सामना किया और नतीजे हासिल किए। इसी की बदौलत यह वैश्विक राजनीतिक में अपने कद से ज्यादा हैसियत हासिल कर पाया। लेकिन आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि नीतियां सावधानी से हर पहलू पर सोच-विचार कर बनाने के बजाय पूरी तरह से विचारधारा के आधार पर बनाई जा रही हैं:

-पिछले कुछ वर्षों से ब्रिटेन एक के बाद मुसीबत में फंसता गया। ब्रेग्जिट उसके लिए जबर्दस्त झटका था और यूरोपियन यूनियन से बाहर आने की वजह से हुए नुकसान से ब्रिटेन अभी तक उबर नहीं पाया है। इसे लेकर राजनीतिक दलीलें जो भी हों, आर्थिक तर्क बेहद कमजोर दिखते हैं। लगता यही है कि ब्रिटिश नीति-निर्माता अभी तक इस बड़े बदलाव को पचा नहीं पाए हैं।

-प्रचंड बहुमत के साथ कार्यकाल शुरू करने वाले बोरिस जॉनसन को तमाम आरोपों के बीच प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा और पार्टी उनका कोई उपयुक्त उत्तराधिकारी नहीं खोज पाई।

-इस बीच कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी आक्रामक तेवर दिखाते हुए शासन करने वाली पार्टी के रूप में उभरी है। इसने टोरियों की अक्षमता से उपजी अव्यवस्था का फायदा उठाया और ऐसा लगता है कि दिसंबर 2024 में होने वाले चुनावों में लेबर पार्टी जीत सकती है।

हाल में खराब गवर्नेंस के चलते ब्रिटेन की वैश्विक छवि को काफी नुकसान हुआ है। पोस्ट ब्रेग्जिट फॉरेन पॉलिसी की तमाम चर्चाओं के बावजूद तथ्य यह है कि ब्रिटेन अपने में ही मगन है। जब तक वह घरेलू आर्थिक समस्याओं पर काबू नहीं पाता और लिज ट्रस की सरकार टिकाऊ नहीं होती हिंद-प्रशांत की ओर ब्रिटेन के 'झुकाव' को भी शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। भारत जैसे देश के लिए, जिसने हिंद-प्रशांत को लेकर ब्रिटेन के प्रो-एक्टिव रुख का स्वागत किया था, उसके साथ भी ट्रस सरकार संबंधों की बेहतरी के मामले में सुस्त पड़ी है:

-अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा महत्वाकांक्षी भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लिए 'दीपावली नहीं, तो साल के अंत तक तो जरूर' की समयसीमा निश्चित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ट्रस ने भी इसकी पुष्टि कर दी थी, लेकिन फिर भी उनकी गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने यह पक्का कर दिया कि समझौता तय समय तक न हो पाए।

-हालांकि ब्रेवरमैन के भारत के साथ ओपन बॉर्डर माइग्रेशन पॉलिसी का सार्वजनिक विरोध करने और भारतीयों को 'ओवरस्टे करने वाला सबसे बड़ा ग्रुप' बताने के पीछे उनका टोरी पार्टी में खुद को ट्रस की प्रतिद्वंद्वी के तौर पर पेश करने का मकसद ज्यादा था, लेकिन फिर भी इसकी वजह से भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को लेकर राजनीतिक माहौल खराब हो गया।

-स्किल्ड वर्कर्स मोबिलिटी भारत के लिए अहम मसला है और भारत इस पर सहमति बने बगैर यह समझौता जल्दबाजी में नहीं करेगा।

साफ है कि ब्रिटेन अभूतपूर्व राजनीतिक हलचल से गुजर रहा है, लेकिन इसके पीछे लिज ट्रस के नेतृत्व की कमियां और टोरी पार्टी की आपसी प्रतिद्वंद्विता है। ऐसे में भारत को धैर्य रखते हुए लंदन के साथ बातचीत जारी रखने की जरूरत है ताकि सर्वश्रेष्ठ नतीजे हासिल हो सकें।

दैनिक पंचांग

24 अक्टूबर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	वृश्चिक	07.51 ब.से
चंद्र	कन्या में	धनु	10.07 बजे से
मंगल	मिथुन में	मकर	12.12 बजे से
बुध	कन्या में	कुंभ	13.59 बजे से
गुरु	मीन में	मीन	15.31 बजे से
शुक्र	तुला में	मेष	17.02 बजे से
शनि	मकर में	वृष	18.42 बजे से
राहु	मेष में	मिथुन	20.40 बजे से
केतु	तुला में	कर्क	22.53 बजे से
राहुकाल		सिंह	01.10 बजे से
7.30 से 9.00		कन्या	03.22 बजे से
बजे तक		तुला	05.32 बजे से

सोमवार 2022 वर्ष का 297 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 17.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 14.42 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 14.32 बजे को समाप्त। **करण** शकुनि 17.28 बजे तदनन्तर चतुष्पद 04.57 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 40' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871411 **जूलियन दिन** 2459876.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 27 **विशेष** दिवाली, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा, केदार गौरी व्रत, शारदा पूजा, काली पूजा, कमला जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	चर	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	रोग	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	काल	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	लाभ	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	उद्वेग	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	शुभ	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	अमृत	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	चर	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-5-7

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो या यी यू
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर भो जा जी खी खू खे खो गा गी
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा
कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

मार्ग-दर्शन

वृद्धा ने खोली राजा की आंख

एक शौकीन मिजाज राजा था और ऐशो आराम की चीजों पर काफी व्यय करता था। उसने एक महल का निर्माण करवाया जिसकी सुंदरता देखते ही बनती थी। राजा ने महल में खूबसूरत सरोवर बनवाए, जिनमें रंग- बिरंगी मछलियां तैरतीं, कमल के फूल खिलते। बाग-बगीचे लगवाए जिनमें सुंदर फूलों की छटा सभी को मुग्ध कर देती थी। राजा इस महल में आकर अतीव प्रसन्न था। एक दिन राजा ने देखा कि महल की बगल से धुआं उठकर आ रहा है। यह देखते हुए राजा की त्यौरियां चढ़ गईं। उसने पहरेदारों से पूछा, 'यह धुआं कहां से आ रहा है?' पहरेदार बोले, 'महाराज! पास में ही एक वृद्धा की झोहश्वाड़ी है। धुआं वहीं से आ रहा है।' राजा ने नाराजी से कहा- 'जाकर उस वृद्धा से कहो कि वह अपनी झोपड़ी यहां से हटा ले।' पहरेदारों ने वृद्धा को राजा का आदेश सुनाया, तो वह बोली, 'अपने राजा से कह दो कि मैं अपनी झोपड़ी नहीं हटाऊंगी।' पहरेदारों से वृद्धा का इंकार जानकर राजा बहुत कुपित हुआ। उसने वृद्धा को पेश होने का हुक्म दिया। जब वह आई तो राजा बोला, 'ऐ बुढ़िया! तू अपनी झोपड़ी क्यों नहीं हटाती? मेरी आज्ञा नहीं मानेगी तो दंड भुगतना होगा।' तब वृद्धा ने विनम्रता से कहा, 'महाराज! आपका हुक्म सिर-आंखों पर, किंतु मेरी एक बात का उत्तर दीजिए। आप समर्थ हैं। आपकी दृष्टि कभी मेरी झोपड़ी पर नहीं गई। कभी आपने विचार नहीं किया कि महल और झोपड़ी के फासले को कम किया जाए।' वृद्धा की बात ने राजा की आंखें खोल दीं। उस दिन से उसने वृद्धा सहित सभी निर्धनों की सहायता के लिए अपना खजाना खोल दिया। गरीबी और अमीरी के बीच की खाई तभी पाटना संभव होता है जब अमीर, गरीबों के प्रति संवेदनशील हों और सहयोग का भाव रखते हों।

आतंक को ढाल न दें

पाकिस्तानी जमीन से आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे आतंकवादियों को अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई से बचाने की अपनी नीति जारी रखते हुए चीन ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को वीटो कर दिया। इस बार उसने लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद के बेटे हाफिज तलाह सईद को काली सूची में डाले जाने से रोका है। यह चार महीने में इस तरह की पांचवीं घटना है। दो दिन पहले भी उसने लश्कर के ही एक और आतंकवादी शाहिद महमूद को ग्लोबल टेररिस्ट के रूप में चिह्नित करने का प्रस्ताव अटकाया था। इस बार तो चीन की यह हरकत ऐसे समय सामने आई है, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव भारत में थे और वह मुंबई में 23/11 के टेररिस्ट अटैक में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दे रहे थे। इस आतंकी हमले के पीछे भी लश्कर-ए-तैयबा का ही हाथ था। इस आतंकी वारदात में भारतीय और अमेरिकी सहित 160 से ज्यादा लोग मारे गए थे। पाकिस्तान तो शुरू से सब कुछ देखते, जानते और समझते हुए भी आंखें बंद किए हुए है। इस पर उसे पूरी दुनिया की लानत-मलामत भी

झेलनी पड़ रही है। लेकिन यहां सवाल चीन का है। आतंकवाद जैसे मसले पर उसका लगातार ऐसा रवैया सवाल खड़े करता है।

जाहिर है, भारत इससे पीड़ित रहा है, लेकिन यह मसला केवल भारत का नहीं है। पिछले करीब चार महीनों में जिन पांच आतंकियों को चीन ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर ढाल देने का काम किया है, वे दुनिया के अलग-अलग देशों में आतंकी वारदात को अंजाम देते रहे हैं। उदाहरण के लिए, लश्कर का आतंकी साजिद मीर 2008 के मुंबई हमले की साजिश में शामिल रहा है तो डेनमार्क के अखबार सहित कई देशों में ऐसी घटनाएं करवाने का भी वह दोषी है। यही वजह है कि अमेरिका उसके सिर पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर चुका है। पाकिस्तान की अदालत भी उसे आठ साल कैद की सजा सुना चुकी है। दिलचस्प बात यह कि जो पाकिस्तान सरकार उसे मृत घोषित कर चुकी थी, वह अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते उसे गिरफ्तार करने को मजबूर हुई। आजकल वह पाकिस्तान की जेल में सजा काट रहा है। इससे पहले चीन ने जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर के भाई अब्दुल रऊफ अजहर और लश्कर चीफ हाफिज सईद के साले अब्दुल रहमान मक्की को भी ब्लैकलिस्ट होने से बचाया है। ये सब आतंकवाद के प्रचार-प्रसार में लिप्त ऐसे नाम हैं, जिनकी कारस्तानियों के सबूत दुनिया भर में बिखरे पड़े हैं। इसके बावजूद जब चीन जैसा देश पाकिस्तान को अपनी दोस्ती का यकीन दिलाने के लिए या किसी भी अन्य वजह से इन आतंकवादियों के बचाव में खड़ा नजर आता है तो एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उसकी साख पर सवाल उठता है और ग्लोबल लीडरशिप का उसका दावा संदिग्ध होता है।

जीने की राह

सौदागर से नहीं मिलती सिद्धि

आजकल देखा जाता है कि लोग अपनी निजी उपलब्धि को बहुत जल्दी संस्थागत बना देते हैं। समाजसेवी संगठन, धार्मिक संगठन, आश्रम आदि इन्हीं का परिणाम है। कुछ दिन बाद मनुष्य अपनी योग्यता के साथ इसमें अपने दुर्गुण भी ले आता है। संस्थानों के लिए सबसे बड़ा खतरा है अहंकार और उसके बाद शुरू होता है विलास। धार्मिक संस्थाओं के पास जो वैभव है वह किसी व्यावसायिक संस्था से कम नहीं होता। व्यवसाय वालों को जो भोग घोर परिश्रम के बाद मिलता है, धर्म जगत के अग्रणी जिनमें साधुस ंत, बाबा-फकीर सब शामिल हैं, आसानी से कमा लेते हैं। फिर आसपास के लोग अपने हिस्से का दाना चुगने में देर नहीं करते और न चाहते हुए भी धर्म व्यवसाय बन जाता है। एक व्यक्ति के अहंकार से निर्मित संस्था में कई व्यक्तियों का अहंकार जुड़ जाता है। सामूहिक अहंकार और फैलता है। सब एक-दूसरे का लाभ उठाने लगते हैं। जिस उद्देश्य के लिए यात्रा आरंभ हुई थी वह उद्देश्य बही-खाते और तिजोरी में उलझ जाता है। श्रद्धा का उपयोग करना यदि अक्ल से आ गया तो तिजोरी खजाने में बदल जाती है। इसीलिए नई पीढ़ी धर्म जगत को एक खास निगाह से देखने लगी। नई उम्र के बच्चे यह सवाल गलत नहीं उठाते कि इस क्षेत्र के लोग जितना रचनात्मक योगदान दे रहे हैं, उससे ज्यादा समाज से ले रहे हैं। लेने के रास्ते विध्वंस के हैं। सौदागर से सिद्धि कैसे मिल सकती है। दान-पुण्य वाली भयभीत पीढ़ी को यह चल गया, लेकिन तकनीकी युग के बच्चे इसे बर्दाश्त नहीं कर पाए।

ये कैसी सोलो ट्रैवलिंग चल रही है सोशल मीडिया पर

इंस्टाग्राम पर #solotravel लिखने पर 7.70 मिलियन यानी 77 लाख पोस्ट दिखती हैं। समय के साथ यह आंकड़ा उन्नीस-बीस हो सकता है। ज्यादातर पोस्ट में इन सोलो ट्रैवलर या अकेले यात्रा करने वालों की बेहतरीन तस्वीरें और शॉर्ट विडियोज हैं। कुछ तो मोबाइल फोन के सेल्फी कैमरा या ऐक्शन कैमरा से क्लिक किए गए या शूट किए गए मालूम होते हैं, क्योंकि इन कैमरों का खास ऐंगल इसकी चुगली कर देता है।

लेकिन बहुत सारी तस्वीरें, विडियोज ऐसे होते हैं, जिन्हें देखकर मन में सवाल उठता है कि अगर ये लड़के और लड़कियां अकेले यात्रा कर रहे थे तो ये फोटोज किसने क्लिक कीं? विडियोज किसने बनाए? कई तो ऐसे बियाबान इलाके के होते हैं जहां, मीलों तक आदम जात न नजर आए। वहां की भी तस्वीरें और विडियोज खूबसूरत ऐंगल और बेहतरीन लाइटिंग के साथ सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। अब

उन्हें ऐसी जगह तक ले जाने वाले गाइड या ड्राइवर के बस की बात तो नहीं है कि वह परफेक्ट फोटो क्लिक कर दे या किसी प्रफेशनल को टक्कर देने वाला विडियो बना दे। खैर, हमारी दिलचस्पी इस बात में नहीं है कि उनकी फोटोज कौन खींच रहा है? विडियो कौन बना रहा है? हमारे विमर्श का केंद्र तो #solotravel है। यह हैशटैग सोशल मीडिया पर इतना ज्यादा क्यों ट्रेंड कर रहा है? दरअसल, सोशल मीडिया हमें वर्चुअल वर्ल्ड में ऐसी छवि रचने-गढ़ने का मौका देता है, जिसे आत्मसात करने का साहस हम असल दुनिया में नहीं जुटा पाते हैं। महानगरों की भीड़ और एक सामान्य से दिन को ठीकठाक तरीके से बिताने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा झोंक देने वाली युवा पीढ़ी बहुत ही उकताई हुई है। एक रोज दोस्त से बातचीत के दौरान सवाल आया कि आखिरी बार कब आधे घंटे या उससे ज्यादा वक्त तक छत पर लेटकर सुकून से आसमान को निहारा था? तारे गिने थे? चांद की उस बुढ़िया को निहारा था, जो सूत कातती है? पहले तो यह सवाल बहुत की काव्यात्मक लगे, लेकिन तफसील से सोचा तो लगा रोजमर्रा की जिंदगी में खटते हुए हम प्रकृति से कितनी दूर जा चुके हैं। हम बालकनी में पौधे तो लगाते हैं पर चाहते हैं कि मिट्टी घर के अंदर न आए। बागवानी क रते हैं लेकिन रबर के दस्ताने पहनकर। बच्चे को मिट्टी में खेलने से मना करते हैं। याद कीजिए कब आपने किसी धूल-मिट्टी या कीचड़ से सने बच्चे या बड़े को अपने साफ-सुथरे कपड़ों की परवाह किए बिना गले लगाया था?

इन सारे सवालों में दो चीजें कॉमन हैं। अपने साथ वक्त न बिताना और प्रकृति से हमारा अलगाव। ये दोनों मिलकर #solotravel को जन्म देते हैं। मौका पाते ही महानगरों के युवा पहाड़ों, रेगिस्तान या समुद्र की ओर भागते हैं और खुद के सोलो ट्रैवलर होने का स्वांग रचाते हैं। साथ ही यह भी चाहते हैं कि उनके इस शगल को दुनिया देखे भी।

प्रसंगतः अभ्यास का फल

गुरु द्रोणाचार्य कौरवों और पांडवों को अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा देते थे। उन राजकुमारों के साथ उनका बेटा अश्वत्थामा भी शिक्षा ले रहा था। वह चाहते थे कि उनका बेटा अस्त्र-शस्त्र की विद्या में सभी राजकुमारों से आगे रहे। लेकिन अर्जुन के सामने वह बहुत पीछे छूट रहा था। द्रोण ने कई तरकीबें निकालीं। कोई न कोई बहाना बना कर वह राजकुमारों को कुछ समय के लिए बाहर भेज देते और अकेले में अश्वत्थामा को नई विद्या सिखाते थे। फिर भी वह पीछे रह जाता। अर्जुन आचार्य की चालाकी समझ रहा था, लेकिन कुछ कह नहीं पा रहा था। एक दिन रात को अर्जुन भोजन कर रहा था कि हवा का झोंका आया और दीया बुझ गया। उसे अंधेरे में ही भोजन करना पड़ा। तब उसका ध्यान इस बात पर गया कि अंधेरे में हाथ हर बार थाली में अन्न पर ही पड़ता था और कौर भी मुंह के भीतर ही जाता था। ऐसा हमारे अभ्यास के कारण होता है। मतलब यह कि अभ्यास से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। दूसरे दिन से अर्जुन ने रात के अंधेरे में चुपचाप बाण चलाने का अभ्यास शुरू कर दिया। एक रात धनुष की टंकार सुन द्रोण की आंख खुल गई तो उन्होंने अर्जुन को अभ्यास करते देख लिया। उसके दृढ़ निश्चय को देख कर द्रोण समझ गए कि अश्वत्थामा अर्जुन की बराबरी कभी नहीं कर पाएगा। अपने को पीछे छूटता देख कर एक बार अश्वत्थामा ने द्रोण से कहा, 'पिताजी, हमसे ज्यादा आप अर्जुन को चाहते हैं।' द्रोण ने कहा, 'पुत्र तुम्हारा संदेह गलत है। मेरे पास जितना भी ज्ञान था, उसे मैंने तुम्हें दे दिया। तुम समझते हो कि शिक्षा देने से ही ज्ञान हासिल होता है। नहीं, गुरु केवल मार्ग दिखाता है। रास्ता खोजने का काम शिष्य का होता है।' उन्होंने रात में अर्जुन के अभ्यास का जिक्र करते हुए कहा, 'पुत्र, अर्जुन ने अपना रास्ता खोज लिया है। उसे कोई पछाड़ नहीं सकता।'

आर एन आई (टी सी) नं- JHAHIN01027,स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ सिकन्दर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखण्ड देखो कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित,
प्रधान संपादक डॉ सिकन्दर कुमार, मोबाइल नं-9955599136(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

दिवाली के लिए सज गई राम की नगरी अयोध्या

इस बार फिर से नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तरफ अयोध्या

आज मनाया जाएगा दीपोत्सव, जलाए जाएंगे 17 लाख दीये

भगवान श्री राम की नगरी 'अयोध्या' एक बार फिर दीपावली और भव्य दीपोत्सव के लिए तैयार है। अयोध्या का दीपोत्सव हमेशा से स्पेशल होता है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार दिवाली को लेकर खास तैयारियों में लगी हुई है। बुधवार 19 अक्टूबर को सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद अयोध्या का दौरा किया और दिवाली की पूर्व संध्या पर 23 अक्टूबर को होने वाले दीपावली पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। अयोध्या में 23 अक्टूबर को होने जा रहे दीपोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और यह नगरी एक बार फिर से सतयुग की दीपावली को जीवंत करने को तैयार है। अपने प्रभु राम के स्वागत के लिए नगरवासी दीपोत्सव मनाएंगे। जानकारी के मुताबिक इस बार भव्य और दिव्य दीपोत्सव समारोह में गाय के गोबर से बने 1.25 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। लगभग 17 लाख 'दीये' (मिट्टी के दीपक) अयोध्या को रोशन करेंगे।यहां एक नया विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है।

पिछले साल जलाए गए थे 17 लीख दीये

आपको बता दें कि पिछले साल अयोध्या में 12 लाख दीये जलाए गए थे। उस समय राम के चरण में 9 लाख दीपक जलाए गए और अयोध्या के अन्य हिस्सों में 3 लाख दीपक जलाए गए। रामजन्मभूमि परिसर में 51 हजार दीप जलाए गए। दीयों को गिनने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंच गई थी। 32 टीमों ने मिलकर 12 लाख दीप जलाए। इसमें 36 हजार लीटर सरसों के तेल का इस्तेमाल किया गया था।

दीपावली दो शब्दों से मिलकर बना है। दीप और आवली। यानी कि दीपक से सजी पंक्तियां। 23 अक्टूबर को दीपों की पंक्तियां सजाकर इतिहास को जीवंत किया जाएगा।भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर हर नगर, हर गांव में दीप जलाकर उनका स्वागत किया गया था। तब से दीपावली हर साल कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी पर समुद्र मंथन से जब देवताओं के वैद्य धनवंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उनके बाद धन की देवी मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं। तब भी दीप जलाकर उनका स्वागत किया गया था। इस उपलक्ष्य में भी दीपावली मनाई जाती है और मां लक्ष्मी की पूजा होती है।

दीपावली को लेकर यह भी मान्यता है कि पांडवों के वनवास के बाद उनके घर वापसी पर भी दीपोत्सव मनाया गया था। इसके साथ ही यह भी मान्यता है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान कृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा की मदद से असुरराज नरकासुर का वध किया था। उसके बाद भी नरकासुर के अत्याचार से मुक्ति मिलने की खुशी में नगरवासियों ने दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं।

इस बार दीपोत्सव के अवसर पर पीएम मोदी भी अयोध्या पहुंच रहे हैं। इन सभी कलाकृतियों के माध्यम से त्रेतायुग की अयोध्या का चित्रण किया जाएगा।इन कलाकृतियों और चित्रों में भगवान राम के वनवास काल और उस दौरान हुई घटनाओं को दर्शाया गया है। भगवान राम ने ही अहिल्या को पत्थर बन जाने के शाप से मुक्त किया था।

रावण ने जब सीता मां का हरण कर लिया तो श्रीराम के कहने पर हनुमानजी माता सीता खोजते-खोजते अशोक वाटिका पहुंच गए थे। इस चित्र में भी यही दर्शाया गया है। इस चित्र में वनवास काल के दौरान भगवान राम को शबरी के झूठे बेर खाते हुए दिखाया गया है।



हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

चित्रगुप्त पर विवादों के बाद थैंक गॉड में बदला गया अजय देवगन का नाम

अजय देवगन की फिल्म थैंक गॉड दिवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। हालांकि, इस अवसर के उलट फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग हो रही थी। अब उनका नाम बदल दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में अजय का नाम ब्लर किया जाएगा और डिसक्लेमर को और लंबा किया जाएगा। इन बदलावों के बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से यू/ए

हिंदु भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं। विवादों में घिरता देख निर्माताओं ने इससे बचने का फैसला किया है। फिल्म में अजय आधुनिक चित्रगुप्त का किरदार निभा रहे हैं। उनके इस किरदार पर विवाद खड़ा हो गया था और फिल्म पर नाम चित्रगुप्त को बदलकर सीजी कर दिया है। सेंसर बोर्ड के निर्देश पर भी फिल्म में तीन बदलाव किए गए हैं। एक दृश्य में हनुमान जी को मिठाई चढ़ाते दिखाया गया है। इस दृश्य में अब हनुमान को पीछे से दिखाया जाएगा। एक शराब के ब्रैंड का सर्टिफिकेट मिल गया है।

फिल्म के रिलीज पर स्टे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने इसपर सुनवाई के लिए 1 नवंबर की तारीख दी थी। इससे पहले कर्नाटक में भी एक धार्मिक संगठन ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश में निर्माता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए मामला दर्ज हो चुका है। मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।

फिल्म में अजय को चित्रगुप्त के किरदार में दिखाया गया है। चित्रगुप्त का हिंदू धर्म की मान्यताओं में विशेष स्थान है। यही वजह है कि लोग फिल्म पर भड़के हुए हैं। इस किरदार में अजय के संवाद में आपत्तिजनक शब्द भी इस्तेमाल किए गए हैं। कुछ समय पहले थैंक गॉड का नया ट्रेलर जारी हुआ था जिसमें अजय का नाम सीजी दिखाया गया। इसे टी-सीरीज और मारुति इंटरनैशनल ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है।

थैंक गॉड 25 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर अक्षय कुमार की राम सेतु से टकराएगी। इस फिल्म में अक्षय के साथ जैकलिन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा भी नजर आएंगी। फिल्म का प्लॉट राम सेतु पर एक काल्पनिक कहानी है। फिल्म में अक्षय एक पुरातत्वविद की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो राम सेतु की सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रहा है। लाइका प्रोडक्शन की इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक शर्मा ने किया है।

गोविंदा ने इंडियन आइडल 13 के विनीत सिंह को दिया अपनी फिल्म में गाने का मौका

रियलिटी शोज ने कई प्रतिभागियों की किस्मत का पिटारा खोला है। अब इंडियन आइडल 13 के प्रतिभागी विनीत सिंह को एक फिल्म में गाने का ऑफर मिल गया है। कोई और नहीं बल्कि, दिग्गज अभिनेता गोविंदा ने उन्हें अपनी अगली फिल्म में गाने का ऑफर दिया है। इस शो के आगामी एपिसोड में गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा बतौर मेहमान नजर आने वाले हैं। यह कपल विनीत की गायिकी से बेहद प्रभावित है।

आने वाले एपिसोड में गोविंदा और सुनीता विनीत की गायिकी की तारीफ करते हुए नजर आएंगे। शो में विनीत को गोविंदा की फिल्म जोरू का गुलाम के गाने नीचे फूलों की दुकान पर परफॉर्म करते हुए देखा जाएगा। गोविंदा विनीत की प्रतिभा से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्हें फिल्म में गाने का अवसर दे दिया। विनीत के लिए यह बड़ा अवसर है, क्योंकि उन्हें गोविंदा जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, सुनीता ने विनीत को बताया कि वह उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। उन्होंने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा, मैं अपकी सबसे बड़ी प्रशंसक हूं। गाना कभी बंद मत करो। लोग आपको हतोत्साहित करेंगे, लेकिन आपको गाने गाते रहना चाहिए और कभी रुकना नहीं चाहिए। वहीं गोविंदा ने उन्हें कहा, आप अपने करियर में बहुत सफल होंगे, क्योंकि आपके नाम में मेरे और मेरी पत्नी के कुछ हिस्से (वीआई+एनआईटी) हैं।

इंडियन आइडल 13 से पहले विनीत सा रे गा मा पा में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। वह 2005 में इस शो के रनर-अप बने थे। इस शो के बाद उन्हें अपार शोहरत मिली थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह इस शो में रनर-अप बनने के बाद अपने लक्ष्य से भटक गए थे। जब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, तो उन्होंने इंडियन आइडल 13 में बतौर प्रतिभागी भाग लेने का निर्णय लिया। इससे पहले शो के पिछले सीजन में करण जौहर ने अरुणिता कांजीलाल को फिल्म में गाने का ऑफर दिया था। वह अरुणिता की आवाज के इस तरह कायल हो गए थे कि उनका गाना सुनने के बाद उन्हें तुरंत धर्मा परिवार में शामिल होने का न्योता दे दिया। हिमेश रेशमिया ने म्यूजिक एल्बम हिमेश के दिल से में इंडियन आइडल फेम सवाई भट्ट को लॉन्च करने का वादा किया था।

पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म सालार का पोस्टर रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की आने वाली फिल्म सालार का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। प्रशान्त नील के निर्देशन में बनी फिल्म सालार का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। इस पोस्टर में पृथ्वीराज सुकुमारन का एक्सक्लूसिव लुक देखने को मिल रहा है। पृथ्वीराज इस फिल्म में वर्धराज मन्नार के किरदार में नजर आयेंगे।

प्रशांत नील ने बताया, पृथ्वीराज जैसै सुपरस्टार का फिल्म में काम करना बहुत खुशी की बात है। अपने किरदार को उन्होंने बखूबी निभाया है। वर्धराजा का किरदार इससे बेहतर कोई और नहीं कर सकता था। मलयालम फिल्म इडंस्ट्री में उनकी गजब की फैन फॉलोविंग है,जब उनके फैंस अपने सुपरस्टार को बड़ी स्क्रीन पर धमाल मचाते देखेंगे तो पागल हो जाएंगे। प्रभास और पृथ्वीराज जैसे दो सुपरस्टार को एक साथ एक ही फिल्म में निर्देशित करना अपने आप में अद्भुत अनुभव है।

गौरतलब है कि फिल्म सालार में प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा जगपति बाबू, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी और श्रुति हासन की भी अहम भूमिका है। सालार 28 सितंबर 2023 को पांच भाषाओं में रिलीज होगी।

11 नवंबर को रिलीज होगी राजकुमार राव की मोनिका ओ माई डार्लिंग, पोस्टर जारी

नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म मोनिका ओ माई डार्लिंग से फिल्म राजकुमार राव का कैरेक्टर पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी। यह फिल्म 11 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जाएगी। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है। फिल्म में राजकुमार के साथ अभिनेत्री राधिका आप्टे और हुमा कुरैशी भी नजर आने वाली हैं।

30 अगस्त को फिल्म का टीजर जारी किया गया था। यह एक सस्पेंस ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन वसन बाला कर रहे हैं। वसन नेटफ्लिक्स की फिल्म स्पॉटलाइट और रे का भी निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में सिकंदर खेर और आकांक्षा रंजन कपूर भी नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स ने राजकुमार का पोस्टर शेयर करते हुए ट्विटर पर लिखा, कोई राजकुमार राव को बताओ कि वह पहले ही हमारे दिलों में रहते हैं। उन्हें उसे जकडने की जरूरत नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक वसन बाला ने पहले एक बयान में कहा था, यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और हमें इंतजार है कि कब हम इस ट्विस्टेड क्राइम कॉमेडी से लोगों का मनोरंजन करें। निर्माता कंपनी मैचबॉक्स शॉट्स की सरिता पाटिल ने भी नेटफ्लिक्स के साथ अपनी इस पार्टनरशिप पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, फिल्म को दुनियाभर के दर्शक देख सकेंगे। दिलचस्प कहानी, बेहतरीन कास्ट और पूरी टीम की कड़ी मेहनत, हम इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकते।

हाल ही में नेटफ्लिक्स ने राजकुमार के साथ एक अन्य शो गुलाब्स ऐंड गन्स का टीजर भी जारी किया था। यह एक कॉमिक थ्रिलर फिल्म है। इसमें राजकुमार के साथ दुलकर सलमान और आदर्श गौरव भी नजर आएंगे। इससे पहले राजकुमार नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में नजर आ चुके हैं। बड़े पर्दे पर वह पिछली बार फिल्म हिट: द फर्स्ट केस में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ सान्या मल्होत्रा थीं।

राजकुमार की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो दर्शकों को उनकी फिल्मों ओ माई डार्लिंग और गुलाब्स ऐंड गन्स का तो इंतजार है ही, इनके अलावा भी उनके हिस्से में कई फिल्में हैं। वह जाह्नवी कपूर के साथ मिस्टर ऐंड मिसेज माही में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह एक क्रिकेटर की भूमिका में दिखेंगे। वह दृष्टिहीन बिजनसमैन श्रीकांत भोला की बायोपिक में उनका किरदार निभा रहे हैं। वह अनुभव सिन्हा की भीड़ में भी दिखाई देंगे।

अलग-अलग सब्जेक्ट पर फिल्में बनाने की कोशिश करता हूं : जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता-निर्माता जॉन अब्राहम का कहना है कि वह अलग-अलग विषय पर फिल्में बनाने की कोशिश करते हैं, जो दर्शकों को पसंद

आये। जॉन अब्राहम ने परमाणु, मद्रास कैफे, अटैक, बाटला हाऊस जैसी एक्शन और थ्रिलर फिल्में बनायी है। जॉन इन दिनों तारा वर्सेज बिलाल बना रहे हैं जो रोमांटिक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है।

जॉन अब्राहम ने बताया, मैं अलग-अलग सब्जेक्ट्स पर अच्छी फिल्में बनाने की कोशिश करता रहा हूं। तारा वर्सेज बिलाल मेरे लिए एक निर्माता के तौर पर नया एक्पीरियंस है। हमारे लेखक और निर्देशक ने एक एंटरटेनिंग लव स्टोरी कहने की कोशिश की है। इस फिल्म के हीरो हर्षवर्धन राणे हैं। मैं यदि उनकी उम्र का होता तो शायद इस फिल्म का हीरो बनता। जिन किरदारों में मैं फिट बैठा, मैने हमेशा उनमें ही मैंने एक्टिंग की। बतौर एक्टर मैं अपने बैनर की फिल्म में एक्ट करता हूं तो ज्यादा सेफ महसूस करता हूं। जब कभी मैं बहुत अच्छी स्क्रिप्ट पढ़ता हूं तो सामने वाले को जरूर कहता हूं कि क्यों न इसे प्रोड्युस की जाए। तो मैं उसका प्रोड्युसर भी बन जाता हूं। फिर पता करता हूं कि क्या उस किरदार में मैं फिट बैठूंगा। वह जवाब नहीं मिलता तो तब मैं दूसरे टैलेंट की तलाश करता हूं।

एक्शन सीक्वेंस के लिए परिणीति चोपड़ा ने माइनस 10 डिग्री में की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, जो कोड नेम तिरंगा में एक्शन सीक्वेंस करती नजर आ रही हैं, तुर्की में खराब मौसम और दस डिग्री से कम तापमान में फिल्म की शूटिंग के बारे में बात करती हैं। उन्होंने कहा, एक ऑश्य था जिसे एक नाव पर शूट किया गया था।शूटिंग के दौरान, यह लगभग -10 से -11 डिग्री था और पूरी यूनिट पूरी तरह से जैकेट, मफलर और मास्क से ढकी हुई थी, जबकि मुझे एक काली आधी-आस्तीन की टी-शर्ट दि गयी थी।

इश्कजादे की अभिनेत्री ने अपने सह-कलाकार हार्डी संधू के साथ अपनी ऑफ-स्क्रीन बॉन्डिंग और दोस्ती के बारे में कहा, जब हार्डी लोकेशन पर आए, तो मैंने उनसे जैकेट और हीट पैड लाने का अनुरोध किया। हमारा बंधन और मजबूत हो गया क्योंकि हम दोनों ठड़ से जम रहे थे और इस तरह हम शूटिंग के दौरान इतने करीबी दोस्त बन गए।

परिणीति, जो शुद्ध देसी रोमांस, हंसी तो फंसी और अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, ने भी एक एक्शन फिल्म करने के बारे में खुल कर बात की और साथ ही यह भी कहा की वह खुद को रोमांटिक शैली तक सीमित नहीं रखना चाहती हैं।परिणीति द कपिल शर्मा शो में हार्डी संधू, शरद केलकर, रजित कपूर और निर्देशक रिभु दासगुप्ता के साथ एक सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में दिखाई दे रही हैं। द कपिल शर्मा शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

फिटनेस क्वीन जॉर्जिया की कर्वी फिगर देख फैंस ने भरी आहें

एक्ट्रेस और मॉडल जार्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर फैंस की काफी चहेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो तेजी से फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट से एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा दी है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस की भी नजरें हट पाना मुश्किल हो गई हैं। अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया हमेशा अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी अदाओं के साथ-साथ दीवाने हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जॉर्जिया एंड्रियानी ने ऑरेंज कलर की बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी इन तस्वीरों में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रहीं हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं। ग्लोइंग मेकअप के साथ जॉर्जिया ने बालों को खुला रखा है और एक से बढ़कर एक पोज देते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछार कर रहे हैं।